# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025










# मंत्रिमंडल विस्तार...20 को शपथ लेंगे गजेंद्र, राजेश और गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

कई दिनों से चला आ रहा सस्पेंस आखिर खत्म हो गया। छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार 20 अगस्त को होगा। बुधवार को राजभवन में दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब और अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल शपथ लेंगे। तीनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इससे पहले वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और राज्यपाल रमन डेका की मुलाकात ने कई चर्चाओं को जन्म दिया लेकिन श्री अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने दस दिन पहले ही मुलाकात का समय मांगा था।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विदेश दौरे से पहले होगा विस्तार

### तीनों विधायकों की सीएम से मुलाकात

मंत्रिमंडल विस्तार की खबरों के बीच दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब और अंबिकापुर राजेश अग्रवाल ने सोमवार रात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। उसके बाद तय हो गया कि तीनों विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा।





- कई दिनों से चला आ रहा सस्पेंस हुआ खत्म
- राज्यपाल डेका से मिले अमर अग्रवाल

### 14 मंत्रियों का फार्मूला

तीन मंत्रियों की शपथ के साथ ही यह तय हो गया है कि छत्तीसगढ़ में भी हरियाणा की तर्ज पर अब 14 मंत्री होंगे। साय कैबिनेट में अभी मुख्यमंत्री समेत 11 मंत्री हैं। छत्तीसगढ़ की तरह हरियाणा की विधानसभा में भी 90 विधायक हैं। हरियाणा में बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हैं। लिहाजा, हरियाणा के फॉर्मूले को छत्तीसगढ़ में भी लागू करते हुए 3 और मंत्री बनाए जा सकते हैं। छत्तीसगढ़ में राज्य बनने के बाद से 13 मंत्री ही बनते आए हैं। नियम के तहत 90 विधायकों में 13.5 मंत्री बन सकते हैं, इसलिए मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री भी हो सकते हैं।

### सीएम जाएंगे 21 को विदेश दौरे पर



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय ने 17 अगस्त को राज्यपाल से मुलाकात की थी, उसके बाद श्री साय ने मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत दिए थे। मुख्मयंत्री 21 अगस्त से विदेश प्रवास पर रहेंगे। माना जा रहा था कि उससे पहले कभी भी मंत्रिमंडल विस्तार कर दिया जाएगा। सोमवार देर रात स्पष्ट हुआ कि 20 अगस्त को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। उससे पहले 19 अगस्त को साय कैबिनेट की बैठक होगी।

*विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन और कथित 'वोट चोरी' को लेकर अपना प्रदर्शन तेज कर दिया है। विपक्षी नेताओं ने सोमवार को यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की। इधर, कांग्रेस के वोट चोरी के आरोप पर भाजपा ने पलटवार किया और कहा कि वोटबैंक के लिए राहुल गांधी घुसपैठियों को बचा रहे हैं। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने बिहार की मतदाता सूची सार्वजनिक की, जिसमें 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।*

- बिहार के एसआईआर पर सियासी घमासान
- विपक्ष के वार पर भाजपा का पलटवार
- 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने की बैठक
- भाजपा ने पत्रवार्ता कर विपक्ष पर जमकर चलाए तीर

# ईसी के खिलाफ महाभियोग ला सकता है विपक्ष

# भाजपा ने कहा- घुसपैठियों को बचा रहे राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी दलों के कई नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उनके द्वारा उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस, राजद, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल वोटबैंक की राजनीति के लिए अवैध घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को लगता है कि इस लड़ाई को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि उसने चुनाव प्रक्रिया में उठाए गए ▶▶|शेष पेज 7 पर

**विपक्ष के कड़े तेवर**



नई दिल्ली में संसद के बाहर विपक्षी दल ने बिहार के एसआईआर मुद्दे पर प्रदर्शन किया।

### आयोग खुद अपने खिलाफ खड़ा हो गया : गोगोई

गौरव गोगोई ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा आधार जनता का वोट देने का अधिकार है और उसका संरक्षक चुनाव आयोग है। मगर आयोग अपने संवैधानिक दायित्व से भाग रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हालिया प्रेस वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ने विपक्ष के सवालों के जवाब देने के बजाय विपक्षी दलों पर हमला बोला। उन्होंने सवाल उठाया कि बिहार में केवल तीन महीने पहले एसआईआर प्रक्रिया को इतनी हड़बड़ी में क्यों लागू किया गया?

### संसद में एसआईआर पर बहस कराई जाए : डॉ. नसीर

डॉ. नसीर हुसैन ने कहा कि विपक्ष की मांग साफ है-बिहार मतदाता पुनरीक्षण पर संसद में खुली बहस हो। विपक्ष ने लगातार चर्चा की मांग की, लेकिन सरकार और आयोग जवाबदेही से भाग रहे हैं। सपा के रामगोपाल यादव ने कहा कि चुनाव आयोग को सरकार ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। जब तक आयोग निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक फ्री एंड फेयर इलेक्शन संभव नहीं है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि आयोग विपक्ष को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है, जबकि उसकी जिम्मेदारी पारदर्शिता और जवाबदेही की है।

**भाजपा ने साधा निशाना**

### पात्रा बोले- देश में अस्थिरता फैलाना है मकसद



भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि विपक्षी दलों का मकसद देश में अस्थिरता और हिंसा फैलाना है, जैसा कि बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हुआ। भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा, इस देश के संसाधनों पर पहला हक भारत के नागरिकों का है, न कि घुसपैठियों का। कांग्रेस, आरजेडी, टीएमसी और आप ▶▶|शेष पेज 7 पर

### गांधी परिवार की लड़ाई लड़ रहे राहुल

संबित पात्रा ने कहा, राहुल गांधी गरीबों की नहीं, अपनी और गांधी परिवार की लड़ाई लड़ रहे हैं। गांधी परिवार सत्ता से बाहर होने पर जल बिन मछली की तरह तड़पता है। सभी गरीबी हटाओ का नारा देते रहे, लेकिन गरीबी हटाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

### आयोग ने सार्वजनिक किए 65 लाख लोगों के नाम

**पटना।** निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों के नाम सार्वजनिक कर दिए। आयोग ने मतदान केंद्रों पर 'एएसडी' मतदाताओं के नाम प्रकाशित किये, साथ ही इसने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर अमल करते हुए हटाए गए नामों का प्रकाशन ऑनलाइन भी किया।

# हफ्तेभर में दूसरा नक्सली विस्फोट

# जवान शहीद, तीन घायल

> नेशनल पार्क इलाके के उल्लूर घाटी में नक्सल अभियान के दौरान हुआ ब्लास्ट



**घायल जवान**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर जिले के भोपालपटनम थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सर्चिंग के दौरान आईईडी ब्लास्ट होने से डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया, वहीं तीन अन्य घायल हो गए। घायल जवानों का भोपालपटनम अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बीजापुर रेफर किया गया है। आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 17 अगस्त को नेशनल पार्क इलाके में डीआरजी की टीम नक्सल ऑपरेशन अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान सोमवार सुबह नक्सलियों के लगाए गए आईईडी की चपेट में कुछ ▶▶|शेष पेज 7 पर

- **15 अगस्त को भी हुआ था ब्लास्ट एएसआई हुए थे जख्मी**

### शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी: सीएम



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवान दिनेश नाग के शहीद होने एवं तीन जवानों के घायल होने की दुःखद सूचना मिली है। ईश्वर से दिवंगत ▶▶|शेष पेज 7 पर

### गर्भवती पत्नी ने कहा- मेरे पति देश के लिए शहीद हुए हैं, मुझे उन पर गर्व

आईईडी ब्लास्ट में शहीद शहीद डीआरजी जवान दिनेश नाग को गार्ड ऑफ ऑनर के बाद गृहग्राम लाया गया। इस दौरान शहीद पति का पार्थिव शरीर देख बिलख पड़ी गर्भवती पत्नी पूजा नाग ने कहा, मेरे पति देश के लिए शहीद हुए हैं और मुझे उन पर गर्व है। गौरतलब है कि भोपालपट्टनम थाना क्षेत्र के चिल्लामरका क्षेत्र में ▶▶|शेष पेज 7 पर



## खबर संक्षेप

### डीपीएस को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली



जिसके बाद एहतियान स्कूल परिसर खाली करा दिया गया। स्कूल में बम होने की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की कई टीम पहुंची।

### असम में 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके

**गुवाहाटी।** असम के नागांव में सोमवार को 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह सातवीं बार है, जब इस माह राज्य में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जबकि जिले में तीसरी बार भूकंप के झटके आए हैं। भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई। भूकंप दोपहर 12 बजकर नौ मिनट पर आया।

### अहमदाबाद के अस्पताल में आसाराम की जांच

**अहमदाबाद।** दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाया आसाराम राजस्थान उच्च न्यायालय



के निर्देश पर सोमवार को चिकित्सा जांच के लिए अहमदाबाद के एक अस्पताल पहुंचा। वह वर्ष 2013 के बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

# डीजे और साउंड बाक्स के शोर पर पांच लाख तक की लगेगी पेनाल्टी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

डीजे और साउंड बाक्स के शोर से आम लोगों को होने वाली परेशानियों को लेकर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से बताया गया कि कड़ी कार्रवाई के लिए राज्य के कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में संशोधन की जरूरत है। इसके लिए शासन स्तर पर प्रक्रिया की जाएगी। संशोधन होने के बाद पांच लाख रुपए तक की पेनाल्टी लगाई जा सकती है। हाईकोर्ट ने पूछा कि प्रक्रिया करने के लिए कितना समय चाहिए। अधिकारी इस पर जवाब नहीं दे सके तो, ▶▶|शेष पेज 7 पर

- हाईकोर्ट में सरकार ने जवाब दिया, कोलाहल अधिनियम में होगा संशोधन



### हस्तक्षेप याचिका

ज्ञात हो कि रायपुर की सिंगापुर सिटी के पास रहने वाले अमित मल ने एक हस्तक्षेप याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने बताया कि सिंगापुर सिटी के मरीना क्लब में डांडिया खेलते समय ध्वनि प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हुई थी। इसके बावजूद पुलिस ▶▶|शेष पेज 7 पर

### लेजर और बीम लाइट से हो रही परेशानी

ध्यान रहे कि मामले की पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीजे के साथ लेजर और बीम लाइट से होने वाली परेशानियों पर चिंता जताई थी। सरकार की ओर से कहा गया कि डीजे और अन्य वाहन माउंटेड साउंड सिस्टम में लेजर लाइट पर पहले से ही रोक है। उल्लंघन पर जुर्माना ▶▶|शेष पेज 7 पर

**महिला आरक्षक ने की शिकायत**

# डिप्टी कलेक्टर पर दुष्कर्म का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

थाना क्षेत्र में पदस्थ एक महिला आरक्षक की शिकायत पर बीजापुर में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके के खिलाफ डौंडी थाना पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। महिला आरक्षक का आरोप है कि उन्होंने शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। मूलतः बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक के ग्राम अवारी निवासी डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके वर्तमान में बीजापुर जिले में पदस्थ हैं। पीड़िता महिला आरक्षक का आरोप है कि दिलीप उइके ने उनसे शादी का वादा किया। इस बहाने लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन जब उन्होंने शादी ▶▶|शेष पेज 7 पर



**बिलासपुर-चक्रधरपुर मंडल में किया जाएगा अधोसंरचना कार्य**

# हावड़ा-मुंबई की ट्रेनों के आज से थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रेल प्रशासन ने अगस्त माह में बिलासपुर रेल मंडल के साथ चक्रधरपुर रेल मंडल में अधोसंरचना कार्य के कारण हावड़ा से मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेनों के पहिए 19 अगस्त मंगलवार से सितंबर माह तक थम जाएंगे। इसके कारण लाखों की संख्या में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में नान इंटरलाकिंग कर यार्ड के आधुनिकीकरण ▶▶|शेष पेज 7 पर



### डायवर्ट होकर चलेगी उत्कल

दो ट्रेनें 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 23, 25, 27, 29, 31 अगस्त एवं 8 सितम्बर को परिवर्तित मार्ग कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर और 18478 योगनगरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 26, 28, 30 अगस्त एवं 1, 8, 9 सितम्बर को व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी एवं कटक होकर चलाई जाएगी। 24 अगस्त को पटना से चलने ▶▶|शेष पेज 7 पर

### रद्द की जाने वाली ट्रेन

- 19 से 21 अगस्त, 24 अगस्त से 2 सितम्बर एवं 5 से 10 सितंबर तक 18109/18110 टाटा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस-टाटा एक्सप्रेस।
- 23 से 26 अगस्त तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 24 से 27 अगस्त 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस।
- 23 अगस्त को 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस।
- 25 अगस्त को 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस।
- 22 अगस्त को 12870 हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस।
- 24 अगस्त को 12869 मुम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस।
- 25 अगस्त को 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस।
- 27 अगस्त को 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस।
- 27 अगस्त को 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस।
- 30 अगस्त को 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस।
- 23 अगस्त को 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस।
- 24 अगस्त को 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस।
- 27 अगस्त को 22358 गया-कुर्ला एक्सप्रेस।

▶▶|शेष पेज 7 पर






SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
स्पाइन चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग का आरंभ
सेंट्रल इंडिया की सर्वप्रथम
"O ARM WITH ARTIFICIAL INTELLIGENCE NAVIGATION MACHINE"
विशिष्ट अतिथि
श्री अरूण साव जी
उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री विजय शर्मा जी
उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
सांसद, रायपुर
श्री ओ.पी. चौधरी जी
कैबिनेट मंत्री
श्री श्यामबिहारी जायसवाल जी
कैबिनेट मंत्री
श्री केदार कश्यप जी
कैबिनेट मंत्री
श्री टंकराम वर्मा जी
कैबिनेट मंत्री
श्री किरण सिंह देव
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री राजेश मूणत जी
विधायक, रायपुर पश्चिम
श्री अजय चंद्राकर जी
विधायक, कुरूद
श्री अमर अग्रवाल जी
विधायक, बिलासपुर
श्री सुनील सोनी जी
विधायक, रायपुर दक्षिण
श्री पुरंदर मिश्रा जी
विधायक, रायपुर उत्तर
श्री मोतीलाल साहू जी
विधायक, रायपुर ग्रामीण
श्री गुरू खुशवंत साहेब जी
विधायक, आरंग
श्रीमती मीनल चौबे जी
महापौर, रायपुर
अध्यक्षता
डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा
19th August 2025
भव्य शुभारंभ
O-arm
Medtronic
O- ARM Machine
StealthStation Machine
Leading Technology in Spine, Neuro-Surgery and Orthopaedic's surgery
डॉ. सुनील खेमका
HOD, Department of Orthopaedics
डॉ. मनीन्द्र भूषण
M.S. (Ortho)
FNB (Spine Surgery)
डॉ. विशाल कुंदनानी
MS (Ortho) FASSI, FNUS,
FNAMS. Visiting Consultant
डॉ. सी.एम. सिंह
MD, DM
(Neurology)
डॉ. रूपेश वर्मा
MS, MCH
(Neuro Surgery)
डॉ. संदेश अग्रवाल
MS, FISS,
(Spine Surgery)
गंज मंडी के पास, देवेन्द्र नगर, सेक्टर-5 के पीछे, पंडरी, रायपुर
www.snh.org.in
9300 37 37 37

रायपुर
मंगलवार 19 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष: 24, अंक : 33
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**


मौसम
अधि. 31.8
न्यून. 24.8


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


6 वॉर 2 में कियारा का काम देखकर...
विचार पेज 2 जीएम की पारदर्शी दशक यात्रा


# रविवि ने हासिल किया पुराना रुतबा, बी से ए में वापसी, रिश्वत पर कहा-नैक टीम ऑटो से आई, हमें नाम तक नहीं पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को नैक टीम ने ए प्लस ग्रेड दिया है। यह ग्रेड रि-असससमेंट के बाद प्रदान किया गया है। दरअसल, 2023 में हुई नैक ग्रेडिंग में रविवि को बी प्लस मिला था। इससे असंतुष्ट विवि प्रबंधन ने पुनः निरीक्षण के लिए आवेदन दिया था। इस माह 4 से 6 अगस्त तक नैक टीम दौरे पर आई थी। इसके 12 दिनों पश्चात रविवि को नई ग्रेडिंग प्रदान कर दी गई है। ये ग्रेडिंग रविवि को अगले पांच वर्ष अर्थात 2028 तक के लिए प्रदान की गई है। रविवि को नैक ग्रेडिंग में पांच में से 3.34 सीजीपीए प्राप्त हुए हैं। नई ग्रेडिंग के साथ ही रविवि प्रदेश का पहला शासकीय विवि बन गया है, जिसे सामान्य विश्वविद्यालय की श्रेणी में ए प्लस ग्रेड हासिल हुआ है। इसके अतिरिक्त पं.सुंदरलाल शर्मा विवि के पास ए ग्रेड है, लेकिन यह ओपन विवि है। विवि के प्रकार के अनुसार उसकी ग्रेडिंग के मापदंड पृथक-पृथक होते हैं। इस आधार पर सामान्य विवि की श्रेणी में रविवि यह उपाधि हासिल करने वाला प्रथम विवि बन गया है। ए प्लस ग्रेड मिलने के बाद अब रविवि को फंड हासिल करने के साथ ही ओपन डिस्टेंस लर्निंग की अनुमति सहित अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।

### होटल में ठहरने व भोजन से इनकार

नैक टीम पर कुछ माह पूर्व रिश्वत लेकर अच्छी ग्रेडिंग देने के आरोप लगे थे। कई गिरफ्तारियां भी हुई थी। विवि परिसर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा कि पूर्व के रिश्वत कांड पर वे कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। इस बाद नैक ग्रेडिंग के लिए जो टीम आई थी वो आटो से आई थी। होटल, भोजन, भ्रमण आदि के लिए पूर्णतः टीम द्वारा इनकार कर दिया गया। टीम जब ऑटो से रविवि पहुंची तो हमारे पास एक समस्या पहचान की थी। हायर अथॉरिटी ने वीडियो कॉल के माध्यम से इसकी पुष्टि की। हमें सदस्यों व उनके संस्थाओं के नाम की भी जानकारी नहीं थी।

## 2023 में मिला था बी प्लस ग्रेड, असंतुष्ट रविवि ने रि-असससेमेंट के लिए दी थी अर्जी



### कमियों का आंकलन करने टीम

विवि प्रबंधन के मुताबिक, इस बार रिसर्च में रविवि को अच्छे अंक मिले हैं। इसके अलावा जिन बिंदुओं पर पिछली ग्रेडिंग में अंक कटे थे, उन पर कार्य किया गया। हॉस्टल में छात्रों को प्रदान किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार से लेकर रिसर्च पर भी रविवि ने बीते दो वर्षों में कार्य किया। इसके अंक इस बार नहीं कटे। रि-असेसमेंट के लिए आवेदन किए जाने के साथ ही कमियों का आंकलन करने विशेष टीम भी बनाई गई थी।

### प्राध्यापकों की कमी पर नाराजगी

पिछली बार नैक ग्रेडिंग दौरान टीम ने प्राध्यापकों की कमी पर नाराजगी जाहिर की थी। स्थिति दो वर्ष पश्चात भी नहीं सुधर सकी है। प्राध्यापकों की कमी को लेकर इस बार भी रविवि के अंक कटे हैं। इसके अलावा स्टूडेंट डायवर्सिटी अर्थात छात्र विविधता भी अंक कटौती का कारण बने। वहीं दूसरी ओर, राज्यपाल रमेन डेका ने रविवि को ए प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा, राज्य के अन्य शासकीय विश्वविद्यालयों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी और वे गुणवत्ता में सुधार लाकर अति उत्तम ग्रेडिंग प्राप्त करेंगे।


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एयरटेल के बाद जियो और वीआई की सेवाएं भी ठप



**नई दिल्ली।** एयरटेल नेटवर्क के आउटेज के बाद जियो और वोडाफोन-आइडिया नेटवर्क भी डाउन हो गए। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सोमवार को भारती एयरटेल के नेटवर्क में समस्या आई। इसके कारण कई उपयोगकर्ताओं ने कॉल करने या रिसीव करने में कठिनाई की शिकायत की।

### शोभायात्रा के दौरान करंट से पांच की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में जन्माष्टमी के पर्व पर एक शोभा यात्रा के दौरान एक वाहन के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य झुलस गए। यह घटना रविवार देर रात एक बजकर 30 मिनट पर रामनाथपुर इलाके में हुई। इस वाहन में भगवान की मूर्तियां रखी थीं और यह वाहन ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से टकरा गया जिसके बाद तार टूटकर वाहन पर गिर गया।

### एअर इंडिया ने रद्द की ज्यूरिख-दिल्ली उड़ान



**मुंबई।** एअर इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने 17 अगस्त की अपनी ज्यूरिख-दिल्ली उड़ान तकनीकी कारणों की वजह से रद्द कर दी। हालांकि, विमान में सवार एक यात्री ने बताया कि उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में समस्या आने के कारण इस सेवा को रद्द किया गया।

### 8.56 करोड़ का नशीला पदार्थ बरामद

**मुंबई।** मुंबई में सीमा शुल्क विभाग ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 8.56 करोड़ रुपए मूल्य के 8.5 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक वीड' (एक प्रकार का गांजा) की बरामदगी के साथ दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। हवाई अड्डा आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने शनिवार को बैंकॉक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे दो यात्रियों को रोका। इस प्रतिबंधित नशीले पदार्थ को ट्रॉली बैग के अंदर छिपाकर रखा गया था।

### मलयालम फिल्म निर्देशक निसार का निधन



**कोट्टायम।** मलयालम फिल्म निर्देशक निसार का चंगनाशेरी में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। चंगनाशेरी के समीप त्रिकोडिथानम में जन्मे निसार ने वर्ष 1994 में फिल्म 'सुदिनम' से निर्देशन की शुरुआत की थी। उन्होंने मलयालम और तमिल में 27 फिल्में निर्देशित कीं। उनकी अंतिम फिल्म 'लाफिंग अपार्टमेंट नियर गिरिनगर' वर्ष 2018 में रिलीज हुई थी।

## वाशिंगटन में यूक्रेन और अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच बैठक

# ट्रंप बोले- यूक्रेन के लिए यूरोपीय सुरक्षा गारंटी का समर्थन करेगा अमेरिका

*यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की। बातचीत के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा इशारा दिया। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच जंग जल्दी खत्म होगी। ट्रंप ने कहा कि यह युद्ध जरूर खत्म होगा, लेकिन कब खत्म होगा, यह नहीं बता सकता। अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह यूक्रेन के लिए यूरोपीय सुरक्षा गारंटी का समर्थन करेंगे।*

एजेंसी ▶▶। वाशिंगटन

यूक्रेनी और यूरोपीय नेताओं के बीच सोमवार की महत्वपूर्ण वार्ता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उस त्रिपक्षीय वार्ता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, जिससे रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त किया जा सके। ट्रंप ने इस प्रयास के तहत अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर प्रतिबद्धता नहीं जताई, लेकिन कहा कि नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) जैसी सुरक्षा मौजूदगी होगी, लेकिन यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ दोपहर की बैठक में इससे जुड़े सभी विवरणों पर चर्चा की जाएगी। ट्रंप ने कहा, वे सुरक्षा देना चाहते हैं और वे इसके लिए बहुत दृढ़ हैं तथा हम इसमें उनकी मदद करेंगे। मुझे लगता है कि यह समझौता करना बहुत जरूरी है।अमेरिकी नेता ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को शीघ्र समाप्त कराने की कोशिशों में जुटे हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी और कहा था कि अब यह जिम्मेदारी जेलेंस्की पर है कि वह उन रियायतों पर सहमत हों, जिनसे युद्ध समाप्त हो सकता है। इसी के परिप्रेक्ष्य में सोमवार को ▶▶।शेष पेज 7 पर

### ट्रंप ने फिर भारत-पाकिस्तान का लिया नाम

ट्रंप ने कहा, यह एक कठिन युद्ध है। भारत-पाकिस्तान, हम बड़े देशों की बात कर रहे हैं। आप इनमें से कुछ युद्धों पर नजर डालें, आप अफ्रीका जाकर देखें। रवांडा और कांगो- यह 31 सालों से चल रहा है। हमने कुल 6 युद्ध खत्म किए हैं, जिसमें यह तथ्य शामिल नहीं है कि हमने ईरान की भविष्य की परमाणु क्षमता को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस युद्ध को खत्म कर देंगे।



**खास बातें**

- बोले जेलेंस्की-जंग रोकने के लिए पुतिन के साथ बातचीत को तैयार
- ट्रंप, जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं की क्लोज डोर मीटिंग

यूरोपीय नेताओं के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खिंचवाई तस्वीर

### ये युद्ध जो बाइडेन की वजह से शुरू हुआ

ट्रंप ने युद्ध के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को जिम्मेदार ठहराया है, ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगा था कि इसे ख़त्म करना आसान होगा, उन्होंने आगे कहा, युद्ध यूक्रेन के लिए भारी मुश्किलें पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, यह मेरा युद्ध नहीं है, यह जो बाइडेन का युद्ध है।

### पुतिन को फोन करेंगे ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि बैठक के बाद वह पुतिन को फोन करेंगे, साथ ही कहा कि उनसे वह त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित करने का आग्रह करुंगा, साथ ही त्रिपक्षीय वार्ता पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी हामी भरी है।

### इधर, पुतिन ने मोदी को दी ट्रंप से हुई बातचीत की जानकारी



भारत की रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ में भविष्य में और अधिक बढ़ोतरी करने की अमेरिका की चेतावनी के बीच सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। जिसमें पुतिन ने बीते 15 अगस्त को अलास्का में यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने से जुड़े हुए संघर्षविराम समझौते के मुद्दे पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई उनकी पहली शिखर बैठक के बारे में विस्तार से अवगत कराया। जो कि हालांकि 'बेनतीजा' रही। प्रधानमंत्री की 'एक्स' पोस्ट और उसी के साथ विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक बयान से यह जानकारी मिली है।

# नकली शराब सप्लाई करने वाली कंपनी बीआईएस पर डेढ़ करोड़ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

आबकारी विभाग ने शराब दुकानों में मैन पॉवर तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने वाली सात कंपनियों के खिलाफ जुर्माना ठोका। जुर्माने की वजह शराब कंपनियों द्वारा नकली शराब खपाने के साथ अन्य सुरक्षा मापदंडों का पालन नहीं करना है। आबकारी विभाग के अफसरों ने रायपुर में मैन पॉवर उपलब्ध कराने के साथ दुकानों में शराब आबंटित करने वाली वीआईएस पर एक करोड़ 55 लाख रुपए से ज्यादा जुर्माना ठोका है। आबकारी विभाग की जुर्माना कार्रवाई से शराब दुकानों में शराब आपूर्ति तथा सुरक्षा उपलब्ध करने वाली कंपनियों में हड़कंप मच गया है।

आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक रायपुर के लालपुर स्थित शराब दुकान में मिलावट के प्रकरण एवं नान पैड ड्यूटी मदिरा पाए जाने पर जुर्माना की कार्रवाई की गई है। लालपुर सहित रायपुर जिले में वीआईएस कंपनी मैन ▶▶।शेष पेज 7 पर

### यह था पूरा मामला

लालपुर शराब दुकान में नकली शराब मामले में आबकारी विभाग की फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने 13 जून को छापे की कार्रवाई करते हुए दो सौ पेटी से ज्यादा शराब जब्त की थी। टीम को मुखबिर के माध्यम से शराब दुकान में नकली शराब बेचे जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने जांच की, तो मौके पर 22 पेटी नकली शराब मिली।

### मामले में अब तक दो की गिरफ्तारी

नकली शराब मामले में शराब दुकान के सुपरवाइजर तथा एक अन्य को ही पुलिस ने गिरफ्तार कर पाई है। नकली शराब बेचने वाले रैकेट में शामिल अन्य तीन आरपोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिस सुपरवाइजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वह पूर्व में शराब गड़बड़ी करने के आरोप में पकड़ा जा चुका है। ब्लैक लिस्टेड होने की वजह से नकली दस्तावेज के माध्यम से उस आदमी ने सुपरवाइजर की नौकरी हासिल की थी।

## मायानगरी में जलभराव, उड़ानों में देरी



# मुंबई में भारी बारिश का तांडव उड़ानों में देरी, स्कूलों की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

मायानगरी मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों की सड़कें जलमग्न हो गई हैं। जगह-जगह पानी भरने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है। वहीं, अंधेरी सबवे को बंद कर दिया गया है। विले पार्ले में वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर भी भारी ट्रैफिक जाम से लोगों को दफ्तर और स्कूल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई में मौसम विभाग ने बहुत ज्यादा बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश के कारण मुंबई एयरपोर्ट की कई फ्लाइट्स लेट हो गई हैं। मुंबई एयरपोर्ट की फ्लाइट्स औसतन 54 मिनट देर से उड़ीं। लोकल ट्रेन भी 15 से 20 मिनट देर से चल रही हैं।

### मप्र में दीवार गिरी, तीन की मौत

इंदौर में सोमवार दोपहर भारी बारिश से निर्माणाधीन पानी की टंकी की दीवार गिर गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे हैं और जांच की बात कही है।

### उत्तरभारत का ऐसा हाल

उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश जारी है। हिमाचल में 3 दिन से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन समेत तीन राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की 400 सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड में गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे कई जगहों से बहने और टूटने की वजह से बंद है।



### आईएमडी के 'रेड अलर्ट' के बाद स्कूलों में छुट्टी

*आईएमडी ने सोमवार को मुंबई और आसपास के इलाकों में कुछ जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया। इसके बाद महानगर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया। बीएमसी ने भी लोगों से अपील की है कि वे केवल आवश्यक कार्य के लिए ही घरों से बाहर निकलें।*

# गैस कटर से तिजोरी काटी, 25 करोड़ के हीरे के साथ सीसीटीवी भी ले गए चोर

एजेंसी ▶▶। सूरत

गुजरात में कपोद्रा थाना क्षेत्र स्थित डक एंड संस डायमंड फैक्ट्री में चोरों ने फिल्मी अंदाज में चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने फैक्ट्री के ऑफिस में रखी तिजोरी को गैस कटर से काट डाला और उसमें रखे लगभग 25 करोड़ रुपए से भी अधिक मूल्य के हीरे लेकर फरार हो गए। फैक्ट्री 15 अगस्त की शाम से जन्माष्टमी और रविवार की छुट्टियों के कारण बंद थी। सोमवार की सुबह जब फैक्ट्री मालिक फैक्ट्री पर पहुंचे तो वहां के हालात देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।



### चल रही जांच

डीसीपी ने यह भी कहा कि चोरी में अंदरूनी व्यक्ति की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। फैक्ट्री में पूर्व में काम करने वाले कर्मचारियों की भी जांच की जा रही है। चोरों ने वारदात को बेहद प्रोफेशनल तरीके से अंजाम दिया है।

### तिजोरी में रखा था हीरा

डीसीपी आलोक कुमार ने बताया कि चोरी की वारदात कपोद्रा इलाके के खोडियार नगर स्थित फैक्ट्री में हुई है। उन्होंने कहा, 15 अगस्त की शाम को फैक्ट्री के मालिक ने करोड़ों के डायमंड तिजोरी में रखे थे। 18 अगस्त की सुबह जब फैक्ट्री खोली गई तो तिजोरी गैस कटर से कटी हुई और हीरे गायब थे।

## पीएम को दिया अंतरिक्ष ले जाया गया तिरंगा



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। शुक्ला ने प्रधानमंत्री को 'एक्सिओम-4 मिशन' का 'मिशन पैच' और वह भारतीय तिरंगा भेंट किया, जो वह अपने साथ आईएसएस ले गए थे।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पूछा सवाल

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-अगर यात्री घंटों जाम में फंसा रहता है, तो वह टोल क्यों दे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। सीजेआई ने सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पूछा कि अगर केरल के त्रिशूर में 65 किलोमीटर लंबे राजमार्ग को तय करने में 12 घंटे लगते हैं, तो किसी यात्री को 150 रुपए के टोल का भुगतान करने के लिए क्यों कहा जाए? कोर्ट ने यह भी कहा कि जिस सड़क पर एक घंटे का समय लगने की उम्मीद है, उसमें 11 घंटे और लगते हैं और उन्हें टोल भी देना पड़ता है। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने यह टिप्पणी एनएचएआई और टोल वसूलने का अधिकार रखने वाली कंपनी 'गुरुवायूर इंफ्रास्ट्रक्चर' ▶▶।शेष पेज 7 पर



### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नसीहत

केरल हाई कोर्ट ने एक आदेश के खिलाफ एनएचएआई की अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में भारी बारिश के कारण होने वाली समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। अदालत ने कहा कि सड़कों की खराब स्थिति के कारण यात्रियों को बहुत परेशानी होती है। अदालत ने यह भी कहा कि एनएचएआई को सड़कों की मरम्मत करनी चाहिए ताकि लोगों को परेशानी न हो।

### क्या है मामला

उच्च न्यायालय ने छह अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग 544 के एडापल्ली-मन्नुथी खंड की खराब स्थिति और निर्माण कार्यों के कारण उत्पन्न गंभीर यातायात जाम के आधार पर टोल निलंबन का आदेश दिया था। याचिका में त्रिशूर के पलियेक्कारा टोल प्लाजा पर टोल संग्रह पर रोक लगाने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है।

### दो घंटे की बारिश में ठहर जाती है दिल्ली

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि टोल वापस करने के बजाय शुल्क कम किया जाना चाहिए। जस्टिस चंद्रन ने कहा कि एनएचएआई को यात्री को मुआवजा देना चाहिए। अदालत ने कहा कि बिना ट्रैफिक के एक घंटा लगता है, ट्रैफिक होने पर तीन घंटे लगते हैं। 12 घंटे के लिए शुल्क कम नहीं किया जा सकता। वकीलों ने अदालत पहुंचने में लगने वाले समय के बारे में भी बताया। सीजेआई ने कहा कि दिल्ली में दो घंटे बारिश होने पर शहर ठहर जाता है।

ऑपरेशन सिंदूर की आई नई सैटेलाइट तस्वीरें | एक मीडिया चैनल ने किया जारी

# भारतीय मिसाइलों से बचने के लिए ईरान बॉर्डर के पास छिपे थे पाक वॉरशिप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

6 और 7 मई की रात को भारतीय हमलों ने पाकिस्तान और पीओजेके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के डीजीएमओ को सूचित किया कि उसका मिशन पूरा हो गया। हालांकि, पाकिस्तान के नेतृत्व ने कड़ी जवाबी कार्रवाई की बात कही। लेकिन एक मीडिया चैनल ने अपनी ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस टीम द्वारा विश्लेषित कराची और ग्वादर बंदरगाहों की सैटेलाइट तस्वीरें जारी की हैं। उससे पता चलता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की नौसेना का रुख रक्षात्मक था। संघर्ष के चरम पर, पाक नौसेना के युद्धपोतों को कराची के नौसैनिक गोदाम से हटाकर व्यावसायिक टर्मिनलों पर लाया गया, जैसा कि सैटेलाइट तस्वीरों में दिखाई देता है। इस बीच, अन्य युद्धपोत ग्वादर के पश्चिमी बंदरगाह पर शरण लेते नजर आए, जो ईरान की सीमा से महज 100 किमी दूर है, बजाय इसके कि वे भारत की ओर पूर्व की ओर बढ़ें।

### दावे की खुली कलई

ऑपरेशन सिंदूर से ठीक छह महीने पहले, पाकिस्तान की नौसेना ने दावा किया था कि उसने एक नया हथियार-'स्वदेशी रूप से विकसित' P282 शिप-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल जोड़ लिया है। लेकिन मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, तो स्थिति अलग दिखी। अंतरिक्ष कंपनी मैक्सर टेक्नोलॉजीज से मिली उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली व्यावसायिक तस्वीरों से पता चलता है कि इसके आधे जुल्फिकार-क्लास फ्रिगेट और अन्य युद्धपोत पश्चिम में ग्वादर में खड़े थे, जो ईरान की सीमा से महज 100 किलोमीटर दूर है।

### अस्थायी नौसैनिक शरण स्थल बना ग्वादर

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का गहना कहे जाने वाले ग्वादर बंदरगाह को हाल ही में अस्थायी नौसैनिक शरण स्थल में बदल दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि 10 मई तक इसके कंटेनर भंडारण क्षेत्र खाली थे, लेकिन डॉक पर सैन्य जहाजों की भीड़ थी। इसमें दो जुल्फिकार-क्लास फ्रिगेट, दो बड़े तुगरिल-क्लास फ्रिगेट, नौसेना का एकमात्र अमेरिकी निर्मित ओलिवर हेजर्ड पेरी-क्लास फ्रिगेट, और दो समुद्री गश्ती जहाज शामिल थे। पूर्व में, कराची के नौसैनिक गोदाम असामान्य रूप से खाली थे, जबकि 8 मई की सैटेलाइट तस्वीरों में युद्धपोत व्यावसायिक कार्गो टर्मिनलों पर खड़े दिखे. बादलों से आंशिक रूप से ढके चित्रों में कम से कम चार पाकिस्तानी नौसेना जहाज व्यावसायिक बंदरगाहों और कंटेनर टर्मिनल के पास दिखाई दिए।

## 22 अप्रैल को हुआ था पहलगाम में आतंकी हमला

### पाक नौसेना की कमजोर तैयारी

शीर्ष सैन्य विशेषज्ञों ने तनाव के दौरान पाकिस्तान नौसेना की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल एस.सी. सुरेश बंगारा, जो दक्षिणी नौसेना कमान के पूर्व कमांडर-इन-चीफ रहे और 1971 में कराची बंदरगाह पर हुए साहसिक हमले में शामिल थे। उन्होंने कहा किचूंकि हमारा आतंकी ढांचे पर 7 मई को हमला हुआ था और पाकिस्तान की तीनों सेनाओं को पूरी तरह सतर्क रहना चाहिए था, फिर भी उनके अग्रिम युद्धपोत बंदरगाह पर दिखना उनकी कम ऑपरेशनल तैयारियों को दर्शाता है।




### भारत की ताकत व पाक का दबाव

इंटेल लैब के भू-खुफिया शोधकर्ता डेमियन साइमन ने बताया, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने अपनी पहली जंगी तैनाती की, जिसकी अरब सागर में गति को पाक नौसेना ने उजागर किया। इससे नई दिल्ली के दबाव का अंदाजा हुआ। भारत के कराची पर संभावित हमले की तैयारी से पाकिस्तान ने अपनी नौसेना को तितर-बितर कर दिया और जहाजों को नागरिक डॉक पर ले गया।

## खबर संक्षेप

### 'द बंगाल फाइल्स': दर्ज हुई एफआईआर

**कोलकाता।** फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' रिलीज से पहले ही विवादों में है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान बंटवारे की आग की लपटें लोगों को झुलसा रही थीं तब की है। वहीं इसमें 1946 के दंगों को रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध बंगाली योद्धा गोपाल मुखर्जी के चित्रण को लेकर विवाद छिड़ गया है। गोपाल मुखर्जी के पोते शांतनु मुखर्जी ने डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### पाकिस्तान : बाढ़ से 1000 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

संसद परिसर में विपक्षी दलों ने किया एसआईआर के खिलाफ जमकर प्रदर्शन

# वोटर लिस्ट संशोधन बिहार भर का मुद्दा नहीं, यह लोकतंत्र की जड़ों पर हमला




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह कवायद लोकतंत्र और मताधिकार पर सीधा हमला है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, राजद, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दलों के नेता संसद के मकर द्वार पर पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे। ''वोट चोर, गद्दी छोड़' और 'वोट चोरी बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए सांसदों ने 'एसआईआर को रोको' लिखे बैनर लहराए। इस दौरान सांसदों के हाथों में ''वोट चोरी' लिखे बड़े पोस्टर भी नजर आए।

**खास बातें**

- चुनाव आयोग पर लगाया गंभीर आरोप, कहा- मताधिकार पर हमला
- संसद के दोनों सदन में हुई कार्यवाही ठप

### विपक्षी दलों का आरोप

विपक्षी दलों का आरोप है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया के जरिए मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने का प्रयास कर रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह केवल बिहार का मुद्दा नहीं है बल्कि पूरे देश में लोकतंत्र की जड़ों पर हमला है। कांग्रेस सांसद का कहना है कि विपक्ष सभी लोकतांत्रिक तरीकों से यह सुनिश्चित करेगा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त निष्पक्ष बने रहें। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि विपक्ष मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर सकता है। यह बयान राजनीतिक हलकों में नए सियासी समीकरणों की ओर इशारा करता है।

### विपक्ष की खुली चर्चा की मांग संसद का गतिरोध

लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को भी विपक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया है। इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई। विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार ने लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। इसके अलावा राज्यसभा से भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 भी सरकार ने पारित कराया। विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग की है। उनका कहना है कि बिहार में यह संशोधन अभ्यास 'जनता के वोट छीनने' की साजिश है। इसे लेकर हर दिन विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के परिणामस्वरूप, 21 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में अब तक ज्यादातर कामकाज ठप रहा है। मानसून सत्र में सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर, संसद की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो रही है और महत्वपूर्ण विधायी काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। विपक्षी सांसदों का कहना है कि वे सरकार और चुनाव आयोग पर दबाव बनाए रखेंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक चाहता है कि संसद में इस पर खुली बहस हो और बिहार समेत पूरे देश में मतदाता सूची से छेड़छाड़ की किसी भी संभावना को रोका जाए।

राहुल गांधी ने पूजा-अर्चना से किया शुभारंभ

औरंगाबाद में 'वोटर अधिकार यात्रा' का दूसरा दिन

# जनता को वोटर अधिकार दिलाने का दोहराया वादा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ औरंगाबाद (बिहार)

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज औरंगाबाद से अपनी "वोटर अधिकार यात्रा" का दूसरा दिन जोरदार अंदाज़ में शुरू किया। इस दौरान उन्होंने देव सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना की, ग्रामों से होते हुए रफ्तार पुनः पकड़ी और कई व्यवस्थागत उद्देश्यों के साथ जनता को जोड़ा। रास्ते भर सुबह से स्थानीय जनता सड़कों पर राहुल गांधी की अगवानी में पूरे जोशखरोश से उपस्थित रही । शाम के वक्त औरंगाबाद के कई इलाकों से गुजरते हुए गया पहुंचे। भरी भीड़ को गया के मैदान में संबोधित करते हुए राहुल गांधी दोगुने उत्साह से लबरेज नजर आए । चुनाव आयोग के मुद्दे को उन्होंने भाजपा के खिलाफ एक "राजनीतिक अस्त्र" के रूप में उपयोग करने की कोशिश की। भीड़ से उन्होंने पूछा , वोट चुराया जा रहा हा न ? जिंदा कौम की तरह भीड़ से आवाज आई - हाँ । उनमे से कई मंच पर जाकर हकीकत अपनी आपबीती बताना चाह रहे थे। बाद में सभी को राहुल गांधी से मिलवाया गया।

**सुबह की शुरुआतः सामुदायिक आशीर्वाद के साथ :** यात्रा सुबह 8:15 बजे कुटुंबा प्रखंड के बभंडीह खेल मैदान से शुरू हुई, जहां यात्रा में तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, राजेश राम, और अन्य इंडिया ब्लॉक नेता मौजूद रहे। यात्रा का पहला पड़ाव देव (औरंगाबाद) स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर था, जहां राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने पूजा-अर्चना की।

### राजनीतिक स्वर : वोट चोरी नहीं होने देंगे

यात्रा मार्ग में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर तीखे आरोप लगाए, साथ ही कहा कि वे "चुनाव चोरी नहीं होने देंगे" और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़े हैं। यात्रा का उद्देश्य सिर्फ चुनावी रैली नहीं है, बल्कि मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने का अभियान है — खासकर उन नामों को सूचियों से हटाए जाने के संदर्भ में।

कई दलों की उनके नाम पर बन गई है सहमति, घोषणा होना शेष

# तिरुचि एन शिवा होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार !

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



एनडीए के बाद विपक्ष भी उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार की जल्द ही घोषणा कर सकता है। विपक्ष से उपराष्ट्रपति पद के लिए राज्यसभा सांसद तिरुचि एन शिवा के नाम की चर्चा चल रही है। विपक्ष के कई दलों की इस नाम पर सहमति भी बन गई है, लेकिन अभी नाम की घोषणा नहीं की गई है। वर्तमान में राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टी के सदस्य हैं। तिरुचि इस पार्टी से 1996, 2002, 2007,2014 और 2020 में लोकसभा के सदस्य भी रहे हैं। वे एक वक्ता और लेखक भी हैं। तिरुचि छात्र राजनीति के दौरान 1976 में आपातकाल के दौरान जेल भी गए थे। करीब 1 साल जेल में रहने के बाद वो रिहा हुए थे। इसके बाद वे डीएमके जिला छात्र शाखा के संगठनकर्ता के रूप में कार्य करने लगे। 1982 और 1992 के बीच तिरुचि ने डीएमके युवा शाखा के उप सचिव के रूप में कार्य किया है। इसके बाद 1992 से 2007 के बीच सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। तिरुचि डीएमके के प्रचार सचिव और उप महासचिव भी रहे हैं।

# मुंबई में खुला देश का पहला प्राइवेट गणित रिसर्च सेंटर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

देश का पहला प्राइवेट गणित रिसर्च सेंटर आर्थिक राजधानी मुंबई में रविवार से खुल गया। 17 अगस्त 2025 को इस रिसर्च सेंटर में पहला सेमिनार आयोजित हुआ। खास बात यह है कि फील्ड मेडल विजेता मंजुल भार्गव को एडवाइजरी काउंसिल में रखा गया है। इसका अर्थ है कि मंजुल भार्गव इस संस्थान के सलाहकार होंगे। लोढ़ा गणितीय विज्ञान संस्थान की शुरुआत मुंबई में गणित क्षेत्र के विश्व-प्रसिद्ध गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुई। इस संस्थान का पहला विषयगत प्रोग्राम इसी महीने शुरू होगा। इस प्रोग्राम का सिलेबस अंकगणितीय सांख्यिकी पर केंद्रित होगा। मंजुल भार्गव इस प्रोग्राम का नेतृत्व करेंगे। एलएमएसआई ऐसे छह महीने के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बना रहा है। एलएमएसआई के अन्य सलाहकारों में विक्रमन बालाजी, फ्रांस्वा लाबोरी, अलेक्जेंडर लुबोट्ज़की, महान एमजे, सिद्धार्थ मिश्रा, रमन परिमाला और रवि वकील शामिल हैं। संस्थान को लोढ़ा समूह का समर्थन प्राप्त है।

- पहला विषयगत प्रोग्राम इसी महीने शुरू

# मुलाकात के बाद बोले जयशंकर-दोनों देशों के बीच मतभेद 'विवाद' नहीं बनने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



वैश्विक राजनीति में चल रही उठापटक के बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत पहुंचे। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान उन्होंने सोमवार को अपने समकक्ष डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। उनकी इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ अपनी बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 'हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद, दोनों देश अब आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस प्रयास में हमें तीन पारस्परिक बातों-आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित को ध्यान में रखना चाहिए। मतभेद विवाद नहीं बनने चाहिए और न ही प्रतिस्पर्धा। इस दौरान उन्होंने चीनी विदेश मंत्री के भारत आने के लिए आभार व्यक्त किया।

**पीएम मोदी और डोभाल से आज होगी मुलाकात**

सोमवार को एस जयशंकर से मुलाकात के बाद चीनी विदेश मंत्री सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 24वें दौर की बातचीत के लिए आज यानी मंगलवार सुबह 11 बजे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल से मिलेंगे। इसके बाद सबसे खास मीटिंग शाम 5:30 बजे होने वाली।

### अगले हफ्ते चीन जाएंगे पीएम मोदी

बता दें कि एक हफ्ते के बाद शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग भाग लेने के लिए पीएम मोदी चीन जाएंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। वांग यी 19 अगस्त को पीएम मोदी से भी मिलेंगे। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि वांग की यात्रा के माध्यम से चीन भारत के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है। वांग की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच राजनीतिक विश्वास,व्यावहारिक सहयोग को बढ़ाना है।

# इधर, पीएम मोदी से मिले एनडीए उपराष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की है। इस मुलाकात की जानकारी एक्स पर एक पोस्ट कर जरिए देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'थिरू सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। उनकी लंबी जनसेवा और विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव हमारे राष्ट्र को समृद्ध करेगा। ईश्वर करे कि वे उसी समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहें जो उन्होंने हमेशा दिखाया है।' राधाकृष्णन के पक्ष में बीजेपी ने समर्थन जुटाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। राजनाथ सिंह ने सीपी राधाकृष्णन के गृह राज्य में सत्ताधारी पार्टी डीएमके के प्रमुख स्टालिन से इस संदर्भ में बात की।

### राधाकृष्णन कल करेंगे नामांकन

उपराष्ट्रपति पद के एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन कल बुधवार 20 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'आज एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन दिल्ली पहुंचे और हमने एनडीए के नेताओं के साथ एक परिचयात्मक बैठक की।

### बीजेपी का उद्देश्य लोगों को धोखा देना : डीएमके

क्या डीएमके राधाकृष्णन के पक्ष में मतदान करेगी? यह एक बड़ा सवाल है। इस बारे में मीडिया से बातचीत करते हुए डीएमके नेता टी.के.एस. इलांगोवन ने सोमवार को आरोप लगाया कि बीजेपी ने अपने चुनावी फायदे को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामित किया है, क्योंकि तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव एक साल से भी कम समय में होने वाला है।

उज्जैन के प्रसिद्ध मंदिर में मंगलवार से बदल जाएगी पूरी व्यवस्था

# भगवान महाकाल के पट खुलेंगे अब तड़के 4 बजे से

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मध्यप्रदेश के उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में सोमवार को निकलने वाली पारंपरिक राजसी सवारी के साथ श्रावण-भाद्रपद मास का समापन हो गया। इसके बाद अब आज मंगलवार से महाकाल मंदिर में दर्शन व्यवस्था पूर्व परंपरा के अनुसार बदल जाएगी। राजसी सवारी के बाद मंदिर के पट खुलने और भस्म आरती के समय को परंपरागत स्वरूप में लाया जाएगा। साथ ही आम भक्तों को मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति भी दी जाएगी, जिससे वे पूरे परिसर में घूमकर दर्शन कर सकेंगे। ये बदलाव न केवल धार्मिक परंपराओं के सम्मान का प्रतीक है बल्कि लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था और सुविधा दोनों को मजबूत करने वाला कदम साबित होगा।

- आम भक्तों को मिलेगा मंदिर प्रवेश, हटेगी बंदिश



### भक्तों के लिए राहत और उत्साह

इस बदलाव से भक्तों में राहत और उत्साह दोनों है। लंबे समय से वे पूरे मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से घूमने की प्रतीक्षा कर रहे थे। इसके अलावा, भस्म आरती के लिए तय समय का पालन भक्तों को यात्रा की योजना बनाने में आसानी देगा।

### श्रावण मास में रात ढाई बजे खुल रहे थे पट

श्रावण-भाद्रपद मास के दौरान डेढ़ माह से हर रविवार रात 2:30 बजे और बाकी दिनों में रात 3 बजे मंदिर के पट खुल रहे थे। अब मंगलवार से परंपरागत समयानुसार तड़के 4 बजे भगवान महाकाल के पट खुलेंगे और इसके तुरंत बाद भस्म आरती संपन्न होगी। ये बदलाव भक्तों को पहले जैसी नियमित व्यवस्था का अनुभव कराएगा।

### आम दर्शनार्थियों को मिलेगा परिसर

पिछले तीन महीनों से महाकाल मंदिर परिसर में स्थित 40 उप-मंदिरों में आम भक्तों का प्रवेश प्रतिबंधित था। मंदिर प्रशासन ने इसे निर्माण कार्य और श्रावण मास की भीड़ प्रबंधन का कारण बताया था। अब ये रोक हटने के बाद भक्त सामान्य दर्शन कर सकेंगे। इससे श्रद्धालुओं को पूरे परिसर में घूमने और पूजा-अर्चना करने का अवसर मिलेगा।

### परंपरा की ओर वापसी

मंदिर प्रशासन का कहना है कि भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए श्रावण मास के दौरान दर्शन व्यवस्था बदली गई थी। अब मास के समापन के साथ पुरानी परंपरा बहाल की जा रही है। रोजाना की तरह सुबह 4 बजे पट खुलेंगे और नियमित समय पर भस्म आरती होगी।

Blend of 8 Effective Ayurvedic Oils

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®

Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

ज्योतिष्मती तेल — रक्त संचारण में सुधार कर जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाने में सहायक है।

निर्गुण्डी तेल — नसों के दर्द और जोड़ों की ऐंठन में फायदेमंद है।

पुदीना तेल — इसके ठंडक देने वाले गुण दर्द एवं सूजन को शांत करते है।

तिल तेल — मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द एवं सूजन के लिए लाभकारी।

गन्धपुरा तेल — जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और गठिया में सहायक।

चीड़ तेल — मांसपेशियों व सम्पूर्ण जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।

कपूर तेल — जोड़ों में अकड़न एवं दर्द कम करने में उपयोगी।

अलसी तेल — जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन कम करने में सहायक है।

Knee Pain Back Pain Shoulder Pain Wrist Pain

8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक तेलों का यह मिश्रण उपयोग करने में सुरक्षित है। इसे खुले जख्मों पर न लगाएं।

मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान

Clinically Tested*

• 24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com


## खबर संक्षेप

### पुलिस की संयुक्त टीम ने पहाड़ी में नक्सली कैम्प को किया ध्वस्त

**धमतरी।** सर्चिंग पर निकली पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़े गोबरा के पहाड़ी क्षेत्र में नक्सल कैंप को ध्वस्त कर 16.50 लाख नकदी सहित इलेक्ट्रानिक डिवाइस व नक्सली सामान जप्त किया है। पुलिस के अनुसार धमतरी, गरियाबंद पुलिस, सीआरपीएफ एवं कोबरा की संयुक्त टीम मैनपुर थाना क्षेत्र की ओर सर्चिंग पर निकली थी। पुलिस टीम बड़े गोबरा के जंगल व पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग करते आगे बढ़ रही थी। पुलिस पार्टी को अपनी तरफ आते देख जंगल में कैंप लगाए हुए व घात लगाकर छिपे हुए प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों ने अपने पास रखे स्वचलित हथियारों से पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की। पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई। पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल पहाड़ की आड़ लेते हुए भाग गए। माओवादी घटना की मैनपुर थाना में विधिवत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जंगल में आसपास सर्च किया।

### केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश पर तैयार की जा रही

# धान उपार्जन की बनेगी नई नीति, खुलेंगे नए खरीद केंद्र, मिलेगी फाइव स्टार रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन नीति बनाने का काम अंतिम दौर में है। खास बात ये है कि इस बार यह नीति केंद्र सरकार के दिशा निर्देश के आधार पर बनाई जा रही है। यही नहीं राज्य में इस साल से नए धान उपार्जन केंद्र खोलने की तैयारी है, इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों को फाइव स्टार रेटिंग भी दी जाएगी।



राज्य की नई धान उपार्जन नीति बनाने के सिलसिले में पिछले दिनों भारत सरकार के खाद्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में नई नीति संबंधी दिशा निर्देशों के मद्देनजर एक कार्यशाला भी रखी गई थी। लिहाजा अब बनाई जा रही नीति नई तकनीक व्यवस्था पर आधारित होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ में इस समय धान उपार्जन केंद्रों की संख्या 2739 है। लेकिन सरकार का इरादा उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाने का है। माना जा रहा है कि दूर दराज के इलाके जहां से किसानों को अपना धान बेचने के अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, उन इलाकों को चिन्हांकित कर नए उपार्जन केंद्र बनाए जाएंगे। इससे किसानों को धान बेचने में सुविधा होगी। इसके साथ ही खरीदे गए धान को राइस मिलर, मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों तक पहुँचाने में आसानी होगी। इसके साथ ही धान का निराकरण समय पर हो सकेगा।

### उपार्जन केंद्रों की फाइव स्टार रेटिंग

राज्य में यह पहला अवसर होगा जब धान उपार्जन केंद्रों को फाइव स्टार रेटिंग दी जाएगी। राज्य में मौजूदा 2739 उपार्जन केंद्रों में से 1600 एंट्री लेवल के हैं। इनका उन्नयन किया जाएगा। इसके साथ ही भारत सरकार के निर्देश हैं कि उपार्जन केंद्रों में बिजली, पानी, पंहुच मार्ग सड़क, सीमेंटीकृत चबूतरा, ड्रैनेज सिस्टम, इंटरनेट की व्यवस्था, किसानों के रुकने की व्यवस्था, सहित आवश्यक 17 प्रकार की व्यवस्था करने कहा गया है। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों की ग्रेडिंग करने के लिए कहा गया है। इसी आधार पर उपार्जन केंद्रों की ग्रेडिंग की जाएगी। कुल मिलाकर धान उपार्जन की नई नीति तैयार होने के बाद इसे शासन की मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा।

### मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

# पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर के बेटे की केलो डेम में डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लाखा स्थित केलो डेम में रविवार की देर रात पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ सब इंजीनियर के बेटे की डूबने से मौत हो गई। सोमवार की सुबह पुलिस की टीम गोताखोरों के साथ केलो डेम पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद युवक का शव मछली मारने के जाल में फंसा मिला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल छोटे अतरमुड़ा निवासी पीडब्ल्यूडी में पदस्थ सब इंजीनियर डीके प्रधान का बेटा सुशांत प्रधान, 25 साल रविवार की देर रात अपने दोस्तों पुरेन्द्र सिंह निवासी गोरखा और अविनाश सारथी निवासी कोष्टापारा के साथ कार से लाखा स्थित केलो डेम पहुंचा था। रात करीब दो बजे वह डेम के पिछले हिस्से में हाथ-मुंह धोने के लिए पानी में उतरा और अचानक गायब हो गया। दोस्तों ने घंटों खोजबीन की लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सुबह 9 बजे कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी।

### दोस्तों से चल रही पूछताछ

इस घटना के बाद शहरवासियों के जेहन में कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि रात 2 बजे आखिर तीनों युवक केलो डेम करने क्या गए थे। वहीं सुशांत का शव मिला है उसमें वह सिर्फ हाफ पेंट पहना हुआ या तो क्या वह नहाने के लिए ही पानी में उतरा था। वहीं अगर वो नहाने के लिए पानी में गया तो उसके दोस्तों के कैसे भनक नहीं लगी या उन्होंने उसे क्यों नहीं रोका। मामला संदेहास्पद होने पर पुलिस सुशांत के दोस्तों से पूछताछ कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है।

# जमीन विवाद में बेटे ने पिता व बुआ को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इंदौरी में जमीन बंटवारे के विवाद में बेटे ने अपने पिता और बुआ की सब्बल मारकर निर्मम हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी



खुद पिपरिया थाना पहुंच गया और अपना अपराध कबूल करते हुए अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया। पिपरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम इंदौरी निवासी रामकुमार काठले आयु 38 वर्ष का लम्बे समय से जमीन बंटवारे को लेकर अपने पिता नारायण काठले और बुआ धरमीन बाई से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि बीते रविवार की रात भी रामकुमार का जमीन बंटवारे को लेकर अपने पिता तथा बुआ से विवाद शुरू हो गया और इसी विवाद के बीच रामकुमार ने अपना आपा खोते हुए सब्बल से अपने पिता नारायण काठले और बुआ धरमीन बाई पर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे गंभीर चोट आने से दोनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

### आरोपी गिरफ्तार पुलिस कर रही जांच

पुलिस ने आरोपी रामकुमार काठले को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कश्यप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पंचनामा और देहाती मर्ग किया और अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात निकलकर सामने आई है कि पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर आरोपी रामकुतार काठले का उसके पिता नारायण काठले और बुआ धरमीन बाई से लम्बे समय से विवाद चल रहा था और इसी विवाद ने रविवार को खूनी रूप ले लिया।

# बिलासपुर में अवैध चर्च पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में धर्मांतरण के खिलाफ सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की और पहली बार बुलडोजर चलाया। शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए प्रार्थना घर को ज़मींदोज़ कर दिया गया है। इससे पहले हिंदू संगठनों ने यहाँ प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण के खेल का भंडाफोड़



किया था। तब पुलिस कार्रवाई के बाद प्रशासन ने अवैध प्रार्थना घर के निर्माण की जांच शुरू की थी। दरअसल, सकरी थाना क्षेत्र में भरनी में धर्मांतरण के खेल का भंडाफोड़ हुआ था। यहां गांव में एक मकान में प्रार्थना सभा के आड़ में लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। हिन्दू संगठनों के हंगामे के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए शामिल लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी। हालांकि, हिंदू संगठन इसके बाद कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जिसके बाद जिस मकान में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, उसकी जांच शुरू की गई थी।


www.anjaneyauniversity.ac.in

ANJANEYA UNIVERSITY

KNOWLEDGE VILLAGE NARDAHA, NEAR VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR

BUILD YOUR BUSINESS LEGACY

ACADEMIC PROGRAMS

MBA IN REAL ESTATE MANAGEMENT

BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION

BBA IN HR\ FINANCE\ MARKETING\ AVIATION

BBA IN HOTEL MANAGEMENT

MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION

EXECUTIVE MBA

MBA IN HOTEL MANAGEMENT

MBA IN AVIATION \ LOGISTIC & SUPPLY CHAIN

MBA IN FAMILY BUSINESS & ENTREPRENEURSHIP

WHERE VISION MEETS MANAGEMENT

ANJANEYA SRIJAN 4

INTER SCHOOL COMPETITIONS 20TH TO 22ND AUGUST 2025

SPORTS CULTURAL EDUCATION ACADEMIC

CASH PRIZES UPTO ₹ 2 LAC

100+ SCHOOL

25+ DIFFERENT EVENT

#NO REGISTRATION FEES

ELIGIBILITY FROM CLASS 9TH TO 12TH

FOR MORE DETAILS 88967 96788 88897 22225

SUNDAY OPEN

ADMISSION OPEN 2025-26

SCAN & APPLY NOW

MAIN CAMPUS : KNOWLEDGE VILLAGE NARDAHA, NEAR VIDHAN SABHA, RAIPUR (C.G.)

CITY CAMPUS : NEAR RAJ BHAVAN, DAGA BUILDING, CIVIL LINE, RAIPUR (C.G.)



www.zalimlotion.in

जालिम लोशन®

दाद, खाज, खुजली एवं एक्जिमा के लिए

For Ringworm and Itches

ANIL PUB.

मेडिकल से आज ही खरीदें E-mail for Dealership at zalimlotion1929@gmail.com



बी एच ई एल BHEL

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

Bharat Heavy Electricals Limited

Corporate Office: BHEL House, Siri Fort, New Delhi-110 049

आर्टिजन भर्ती – 2025

बीएचईएल युवा, गतिशील और कुशल आर्टिजनस को को पावर, उद्योग, ट्रांसमिशन, नवीकरणीय ऊर्जा, परिवहन, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और एयरोस्पेस, तेल और गैस के क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए आमंत्रित करता है।

कुशल आर्टिजनस के लिए 515 रिक्तियां*

उम्मीदवारों के पास कक्षा दसवीं एवं राष्ट्रीय व्यापार प्रमाण पत्र (NTC / ITI) एवं संबंधित व्यापार में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र (NAC) होना चाहिए। सामान्य और OBC उम्मीदवारों के लिए NTC/ITI और NAC दोनों में न्यूनतम 60% अंक आवश्यक हैं, जबकि SC और ST उम्मीदवारों के लिए दोनों में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक हैं।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए बीएचईएल भर्ती वेबसाइट का खुलना | 16 जुलाई, 2025 |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 12 सितंबर, 2025 |

*नियुक्ति की शर्तों सहित विस्तृत जानकारी के लिए careers.bhel.in पर लॉग इन करें।

www.bhel.com /BHELOffical /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel


# नक्सलवाद से तौबा कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे नक्सली



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को भिलाई में जिला भाजपा कार्यालय का लोकार्पण किया। प्रियदर्शनी परिसर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलमुक्त राज्य बन जाएगा। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने पहले ही इसकी घोषणा कर दी है। इसे लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। नक्सली स्वस्फूर्त नक्सलवाद से तौबा कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। <सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। पिछले 20 महीनों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियान चलाया है। छत्तीसगढ़ पुलिस और सुरक्षा बलों की कार्रवाई की सराहना पूरे देश में हो रही है। नक्सली अब आत्मसमर्पण कर रहे हैं। बसवाराजू जैसे प्रमुख नक्सली के खात्मे से स्पष्ट है कि नक्सलवाद समाप्ति की ओर है।

### जवानों ने मजबूती से लड़ी लड़ाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने कहा कि सरकार के कार्यकाल को 20 माह पूर्ण हो रहे हैं। इन 20 माह में हमारे यहां के जवानों ने नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी है। आज इसकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। डबल इंजन की सरकार का भी लाभ मिल रहा है। प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन हो रहे हैं। उनमें सफलता भी जवानों को मिल रही है और सभी लोग स्वीकार कर रहे हैं कि हमारी ओर से बहुत कम कैजुअल्टी हो रही है। नक्सलवाद अंतिम सांस ले रहा है। उन्होंने मेडिकल स्टाफ के सड़क पर बैठकर आंदोलन करने के सवाल पर कहा कि हर क्षेत्र में 20 माह में अच्छा काम हमारी सरकार ने किया है। घर परिवार में भी समस्याएं आती है, शीघ्र दूर हो जाएंगी।

## चिंतन

# रोजगार सृजन पर और अधिक ध्यान देना जरूरी

मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां और सुस्त ग्रोथ के दौर में भारत में बेरोजगारी दर में कमी को एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है। लगातार यह तीसरा महीना है जब बेरोजगारी दर में क्रमशः कमी दर्ज की जा रही है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में देश में बेरोजगारी दर घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई जबकि जून में यह 5.6 प्रतिशत थी। मई में भी बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही। पुरुषों में बेरोजगारी की दर थोड़ी अधिक 5.3 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह 5.1 प्रतिशत थी। जुलाई में शहरी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर 7.2 प्रतिशत हो गई जो जून में 7.1 प्रतिशत थी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर घटकर 4.4 प्रतिशत रही जो इससे पहले जून में 4.9 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी घटकर जुलाई में 14.9 प्रतिशत रही, जो जून 2025 में 15.3 प्रतिशत थी। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में इस आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर जुलाई में मामूली रूप से बढ़कर 19 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 18.8 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसी आयु वर्ग (15-29 वर्ष) के लिए यह दर घटकर जुलाई में 13 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछले महीने 13.8 प्रतिशत थी। बेशक भारत विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, इसके बावजूद आर्थिक संकेतक आगाह करते रहते हैं कि देश को नए आर्थिक सुधार की जरूरत है। जीडीपी साढ़े छह फीसदी के दायरे में अनुमानित है, जोकि देश की आर्थिक जरूरत के अनुरूप नहीं है। आयात व निर्यात संतुलन भारत के खिलाफ है, मतलब हम आयात अधिक कर रहे हैं। छोटे व मध्यम उद्योग कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, कृषि क्षेत्र आधिक तवज्जो की मांग कर रहा है। निवेश की रफ्तार कम हुई है, सरकारी निवेश की गति भी धीमी है। करीब दस वर्ष में देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, इसके बावजूद करीब 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 5 किलो निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है, यह बड़ा विरोधाभास है। देश में सरकारी के बेरोजगारी के आंकड़े को लेकर बहस चलती रही है। वास्तविक बेरोजगारी के अधिक होने का अनुमान है। भारत में बेरोजगारी विभिन्न कारकों से प्रभावित होती है, जिनमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र, जनसांख्यिकीय चुनौतियां, कौशल असंतुलन, सीमित रोजगार सृजन, युवाओं में उच्च बेरोजगारी, सामाजिक मानदंड जो महिलाओं को रोजगार लेने/जारी रखने से रोकते हैं, अनौपचारिक क्षेत्र और कौशल-नौकरी असंतुलन शामिल हैं। बेरोज़गारी का व्यक्तियों, समुदायों और समग्र अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। लम्बे समय तक बेरोजगारी रहने से उपभोक्ता खर्च में कमी आ सकती है। कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर, उद्यमिता और स्टार्टअप को प्रोत्साहित कर, विनिर्माण और औद्योगिक क्षेत्रों को मज़बूत कर, ग्रामीण रोज़गार के अवसरों में वृद्धि कर, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित कर, डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन कर व शिक्षा और उद्योग सहयोग को मज़बूत कर नए रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। रोजगार सृजन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

## विवेचना

डॉ. मोनिका शर्मा



# ट्रंप के बयान-वैश्विक जन समुदाय में खो रही साख

अमेरिका के राष्ट्रपति ने डोनॉल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के पहले से ही अजीबोगरीब बयान देते रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भी बहुत सी उनकी बातें सोशल मीडिया से लेकर आम संसार तक लोगों हैरान-परेशान करने वाली रही हैं। कभी युद्धरत देशों के बीच सीजफायर तो कभी नोबेल पुरस्कार के लिए संस्तुति को लेकर बहुत कुछ ऐसा कह चुके हैं, जो वैश्विक जनसमुदाय में उनकी छवि बिगाड़ रहा है। यह बर्ताव स्वयं उनकी ही नहीं उनके देश की साख को भी नुकसान पहुंचाने वाला है। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री को फोन पर धमकाया है। नॉर्वे के बिजनेस अखबार डेगेन्स नेरिंगस्लिव के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप ने देश के वित्त मंत्री को टेलीफोन पर धमकी दी है कि यदि उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया जाता है तो वो नॉर्वे पर भारी भरकम टैरिफ लगा देंगे। ज्ञात हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने नॉर्वे के वित्त मंत्री को टैरिफ पर चर्चा के लिए बुलाया था। उस समय भी ट्रंप यह कहने से नहीं चूके थे कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था है कि 'वह नॉर्वे द्वारा दिए गए उस सम्मान के हकदार हैं, जो वाइट हाउस के चार पूर्ववर्तियों को मिला था।' गौरतलब है कि इजरायल, पाकिस्तान और कंबोडिया जैसे देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को शांति समझौते और युद्ध विराम करवाने के लिए नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित किया हुआ है। विडम्बना ही है कि अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष के रूप में उनके विचार समग्र वैश्विक समुदाय को कभी चकित तो कभी चिंतित करते रहते हैं। यही कारण है कि ना तो आपसी संवाद का कोई परिणाम निकलता है और न ही वैश्विक स्तर पर बनी नीतियों और नियमों को लागू करने से जुड़ी गंभीरता नजर आती है। उनके बर्ताव अपने विचार थोपने का अंदाज़ स्पष्ट नजर आता है। इसी के चलते अलास्का के एंकोरेज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की करीब तीन घंटे तक चली आमने-सामने की मुलाक़ात भी बेनतीजा रही। न तो रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति बन पाई और न कोई ठोस समझौता हो सका। इसी वर्ष मार्च महीने में राष्ट्रपति ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच व्हाइट हाउस में तीखी बहस हो चुकी है। व्हाइट हाउस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि जब दो राष्ट्राध्यक्षों की चर्चा इतने तनाव भरे माहौल में हुई। भारत के समक्ष भी ट्रंप कभी टैरिफ़ बढ़ाने की चुनौती तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर करवाने से जुड़े बयान देकर उलझनें खड़ी करते रहे हैं। पहलगांव में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भारतीय देना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर को लेकर बार-बार अपने बयान बदलने से भी नहीं चूके। जिसके सरकार और विपक्ष में भी वैचारिक घमासान मचा रहा है। सैन्य बलों की कार्रवाई पर प्रश्न उठाए गए। इस विवाद ने भारत की छवि को भी नुकसान पहुंचाया, जबकि भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट कहा गया कि सीजफायर में किसी भी देश का हाथ नहीं है। दुखद है कि इस विवाद को हवा देने के बाद खुद राष्ट्रपति ट्रंप भी भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर दिये अपने बयान से पलट गए। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैंने भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता नहीं कराई। मैंने दोनों देशों के बीच तनाव का समाधान निकालने में मदद की थी। इसके पहले अपने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि अगर दोनों ने सीजफायर नहीं किया तो वह किसी के साथ व्यापार नहीं करेगा। हालांकि ट्रंप के इस बयान से भारत कभी सहमत नहीं हुआ और इसे खारिज कर दिया गया। इसी फेहरिस्त में ईरान और इज़राइल के युद्ध को लेकर दिये गए उनके बयान भी वैश्विक समाज को स्तब्ध कर चुके हैं। असल में ऐसे राष्ट्रपति ट्रंप के ऐसे वक्तव्यों की लंबी सूची है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति अपने बयानों से हलचल मचाते रहे हैं और मचा रहे हैं। कभी अपनी ही बात से मुकर जाना तो धमकी भरी बोलचाल में आर्थिक प्रतिबंध लगाने की बात। दुनिया के बहुत से देश उनके इस बर्ताव को लेकर परेशान हैं। यह लाजिमी भी है क्योंकि राष्ट्राध्यक्षों की भाषा का रुख और वैचारिक सधापन केवल उनकी अपनी राजनीतिक छवि से जुड़ा पहलू भर नहीं होता। जिसके चलते हर विषय में संशय बढ़ाने और बेवजह सख्ती दिखाने वाले शब्द लिए राष्ट्रपति ट्रंप का यह व्यवहार अमेरिका की साख को भी ठेस ही पहुंचाएगा।



(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

उमेश चतुर्वेदी

**वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरूआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरूआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। जीईएम ने आपी नौ वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। अपने दसवें वर्ष में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है।**

# जीईएम की पारदर्शी दशक यात्रा

नौ अगस्त की तारीख हमारे इतिहास में अगस्त क्रांति के लिए प्रसिद्ध है। भारत से अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने वाले निर्णायक 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरूआत इसी दिन हुई। यह तारीख इतिहास में एक और वजह से भी महत्वपूर्ण बन गई है। इसी दिन वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरूआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरूआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। इस ऑनलाइन सार्वजनिक और पारदर्शी बाजार ने नौ साल की आधिकारिक यात्रा पूरी कर ली है और एक दशक की यात्रा के लिए आगे बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने एक नारा दिया था, 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन'। इसके सीईओ मिहिर कुमार कहते हैं कि जीईएम प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को साकार कर रहा है। मिहिर कुमार के अनुसार, सिर्फ नौ साल की ही अवधि में यह पोर्टल देश का सबसे भरोसेमंद डिजिटल खरीद मंच बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में इस पोर्टल पर महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, मध्यम और लघु उद्योग, शिल्पकारों, स्थानीय कारीगरों और दिव्यांगजनों समेत पूरे देश के विक्रेताओं और सेवाप्रदाताओं के सशक्तीकरण में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस पोर्टल या ऑनलाइन बाजार पर विक्रेताओं के लिए जमानती राशि रखने का प्रावधान है। लेकिन अब इस प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। इसकी वजह से विशेषकर छोटे निर्माताओं और कारोबारियों को ज्यादा फायदा होना है।

सार्वजनिक और सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इसी भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री ने पारदर्शी और समावेशी ऑनलाइन मार्केट की अवधारणा प्रस्तुत की थी। जीईएम उसी अवधारणा का विस्तार है। इसके कामकाज शुरू करने के बाद केंद्र सरकार के सभी दफ्तरों के लिए इसी पोर्टल के जरिए खरीद अनिवार्य कर दिया गया। अब जीईएम प्रबंधन का जोर राज्य सरकारों की खरीद को भी इसी के जरिए जरूरी बनाने पर है। अपने दसवें वर्ष में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। जीईएम को उम्मीद है कि उनके जरिए हो रही सार्वजनिक खरीद में जिस तरह सार्वजनिक क्षेत्र को बचत हो रही है, उसकी वजह से राज्य सरकारें भी इसकी ओर आकर्षित होंगी। वैसे राज्यों की ओर से इसके जरिए खरीद होने भी लगी है। हालांकि उसकी मात्रा अभी कम है। जीईएम के जरिए होने वाली खरीद में अब तक एनटीपीसी को जहां करीब दो हजार करोड़ की बचत हुई है, वहीं बैंक ऑफ बड़ोदा को 34 करोड़। इसी तरह भारतीय नौसेना ने भी पंद्रह करोड़ की बचत की है। जीईएम के अधिकारी तो इसे स्वीकार नहीं करते, लेकिन जाहिर है कि यह बचत जहां खरीद में घपले की कमी से हुई है, वहीं सार्वजनिक मार्केट प्लेस पर उपलब्ध ढेरों और गुणवत्तापूर्ण सामानों में मूल्यों को लेकर हुई प्रतिद्वंद्विता की वजह से हुई है।

जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के अनुसार, इस ऑनलाइन मार्केट प्लेस ने सिर्फ खुद के दम पर साल 2024-25 में 5.4 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यापारिक मूल्य सार्वजनिक खरीद को न केवल सुव्यवस्थित किया है, बल्कि शासन में पहुंच,समानता और सशक्तीकरण को




फिर से पारिभाषित किया है। जीईएम ने अपने स्थापना के दसवें वर्ष का सूत्र वाक्य, सुगमता, पहुंच और समावेशन विषयों पर केन्द्रित किया है। मिहिर कुमार का कहना है कि उसका यह सूत्र वाक्य सार्वजनिक खरीद को अधिक सुलभ और न्यायसंगत बनाने की दिशा में उनके संगठन की प्रतिबद्धता और पारदर्शी कामकाज को प्रदर्शित करता है। मिहिर कुमार यह भी कहते हैं कि वैसे तो ऑनलाइन खरीद के कई पोर्टल हैं। लेकिन वे सभी कारोबारी पोर्टल हैं, जबकि जीईएम मार्केट प्लेस है। वह खुद कारोबार नहीं करता, बल्कि पारदर्शी कारोबार का मंच उपलब्ध कराता है। जिसमें खरीददार और विक्रेता, दोनों का फायदा है।

जीईएम की कामयाबी ही कही जाएगी कि इसके जरिए अब तक तीन करोड़ से ज्यादा खरीदादारी हो चुकी है। जिनके जरिए 4.81 लाख करोड़ की खरीददारी हुई है। इस मार्केट प्लेस पर मौजूदा वित्त वर्ष में 11हजार से ज्यादा प्रोडक्ट, 344 से ज्यादा सर्विस श्रेणी, 20 लाख से ज्यादा ऑर्डर मिल चुके हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पोर्टल पर सबकुछ ऑटोमेशन में सॉफ्टवेयर संचालित है, कोई मैनुअल हस्तक्षेप नहीं है। हालांकि जीईएम के अधिकारी मानते हैं कि इसमें और सुधार की गुंजाइश है और वह लगातार होती रहेगी। ताकि खरीद-बिक्री में पारदर्शिता रहे।

यह ठीक है कि अब विक्रेताओं के लिए जमानती राशि की व्यवस्था खत्म कर दी गई है। इसके साथ ही जीईएम ने कई और सुधार शुरू किये हैं। इसमें विक्रेता के मूल्यांकन शुल्क को तार्किक बनाना और लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी करना भी सामिल है। वेंडर चार्ज भी पहले की तुलना में 68 प्रतिशत से लेकर 92 प्रतिशत तक कम किए जा चुके हैं। इन सबकी वजह से यहां मिलने वाले 97 प्रतिशत ऑर्डरों को छूट मिल गई है। मिहिर कुमार कहते हैं कि उनकी कोशिश, विक्रेताओं को सशक्त बनाना, मध्यम और लघु उद्योगो बढ़ावा देने की है। इस दिशा में पहली बार विक्रेताओं और छोटे उद्यमों के लिए मजबूत सहायता द्वारा समर्थन दिया जा रहा है। जीईएम की कोशिश ना सिर्फ बड़े, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में स्थित कारीगरों, निर्माताओं, उद्यमियों और कारोबारियों को समावेशी मंच उपलब्ध कराना भी है। जीईएम के अधिकारी कहते हैं कि उनका ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि आदिवासी कारीगरों से लेकर तकनीक-संचालित स्टार्टअप तक हर उद्यम तक सार्वजनिक खरीद के अवसरों आसानी से पहुंच सकें। इस दिशा में इसके दिल्ली मुख्यालय में छह अगस्त को जीईएमविक्रेता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जीईएम के मंच पर देश के हर वर्ग के उद्यमियों, कारोबारियों और निर्माताओं को साथ लाने की कोशिश हुई।

कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है। दसवें वर्ष में दाखिल होते हुए इसके अधिकारियों ने अनूठी शपथ ली है। उनका कहना है कि वे सार्वजनिक खरीद को नागरिक-केंद्रित, डेटा-संचालित और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि सार्वजनिक खरीद में इन विशेषताओं के बावजूद कुछ अतिरिक्त की चाहत रखने वाले भ्रष्टाचारी तत्व अब भी कुछ ना कुछ राह निकाल लेते हैं। जिस पर काबू पाने के लिए जीईएम के इंजीनियर लगातार सक्रिय रहते हैं। फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि अपने एक दशक की यात्रा में यह सार्वजनिक ऑनलाइन बाजार पारदर्शिता की नई मिसाल कायम करेगा। इस संदर्भ में जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के इन शब्दों को देखा-परखा जा सकता है। वे कहते हैं, ₹पारदर्शिता को परिवर्तन के साथ जोड़ते हुए, GeMभारत के खरीद परिदृश्य की रीढ़ बन गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# व्यक्ति को निरंतर रूप से निखारती है प्रतिस्पर्धा



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। *- प्रतीक मिश्रा, भिलाई*

## करंट अफेयर

# इंडिया डे परेड पहली बार सिएटल में हुई आयोजित

भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सिएटल में पहली बार भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'इंडिया डे परेड' में भारत के सभी राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां दिखाई गईं। शनिवार को हुई इस परेड में 'इंडिया पैवेलियन' भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शित किए गए। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और शहर के मेयर ब्रूस हैरेल ने परेड की शुरुआत झंडी दिखाकर की। जैसे ही आकाश में तिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, सड़कें भारतीय तिरंगे के रंगों से सराबोर हो गईं। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि 'इंडिया पैवेलियन' में 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जहां भारत के 28 राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता के साथ प्रदर्शित किए गए। आगंतुकों ने क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद लिया और सांस्कृतिक कलाकृतियों का अवलोकन किया, जिससे भारत की समृद्ध विरासत और परंपराओं की झलक मिली। लगभग 2,000 से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए मेयर हैरेल ने कहा कि अमेरिका को भारत के प्रेम, करुणा और अहिंसा के संदेश से सीखना चाहिए।



## ऑफ बीट

# बच्चों को खाना खिलाना एक बड़ी समस्या

कई परिवारों के लिए बच्चों को भोजन कराना रोजाना एक चुनौती होती है। कोई बच्चा अचानक अपना पसंदीदा खाना खाने से मना कर देता है, कोई दिन भर कुछ न कुछ खिलाए जाने के कारण चिड़चिड़ा हो जाता है, भाई-बहन खाने की मेज पर झगड़ने लगते हैं। लेकिन अगर माता-पिता और बच्चों की देखभाल करने वाले लोग इस बारे में सलाह के लिए सोशल मीडिया का रुख करते हैं, तो इससे फायदे से ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्योंकि सोशल मीडिया पर बच्चों को खाना खिलाना बिल्कुल आसान लगता है। हमारे नए शोध में पता चला है कि इंस्टाग्राम पर ऐसे कंटेंट की भरमार है, जिसमें भोजन के समय के अवास्तविक मानकों के बारे में बताया जाता है। इससे बच्चों की देखभाल करने वालों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। हम जानते हैं कि जब बच्चों को खाना खिलाने की बात आती है तो माता-पिता को कई दबावों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्हें इस बारे में बहुत कम जानकारी होती है कि सोशल मीडिया किस प्रकार इन दबावों को बढ़ाने में योगदान दे रहा है। यह जानने के लिए कि सोशल मीडिया पर पारिवारिक भोजन को कैसे दर्शाया जाता है, हमने एक लोकप्रिय प्लेटफ़ॉर्म इंस्टाग्राम पर नजर डाली। लगभग दो अरब यूजर वाले इंस्टाग्राम पर खान-पान से जुड़ी तस्वीरों व वीडियो का अंबार है।



## ट्रेंड

### विशिष्ट पहचान



थिरु सीपी राधाकृष्णन ने अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विभिन्न पदों पर रहते हुए, उन्होंने हमेशा सामुदायिक सेवा और वंचितों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शोध पर चर्चा



पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. गाय लिटिलफेयर से भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच शैक्षणिक और शोध साझेदारी को और गहरा करने पर उपयोगी चर्चा हुई। खनन और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में उनकी व्यापक विशेषज्ञता और एक मजबूत प्रतिष्ठा है।

**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### केस दर्ज होगा



वोटर लिस्ट में घपला करने वाला बड़े-से-बड़ा अधिकारी और बूथ स्तर तक का चुनावकर्मी देख ले कि उसकी बेईमानी पकड़े जाने पर केस भी होगा और निलंबन व दंडात्मक कार्रवाई भी। वो देश के साथ दगा करने का दोषी घोषित होगा।

**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

### असाधारण उपलब्धि



जाकिर खान ने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में जो कर दिखाया, ये एक असाधारण उपलब्धि हिन्दुस्तान का यह सितारा आज पूरी दुनिया से हिंदी में बातचीत कर रहा है और लोग रुक कर उसे सुन भी रहे हैं।

**- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जंग के तीन साल

# वर्तमान में यूक्रेन के 19 प्रतिशत हिस्से पर रूस जमा चुका है कब्जा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रूस-यूक्रेन युद्ध को 3 साल हो चुके हैं। इस खूनी जंग में सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवाई है। तमाम कोशिशों के बावजूद भी यह युद्ध अभी रुक नहीं पाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिनों पहले ही अलास्का में राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक अहम मुलाकात की थी। उस मुलाकात में युद्ध खत्म करने को लेकर मंथन किया गया, सीजफायर पर चर्चा हुई। अब ट्रंप यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी मिलने जा रहे हैं। अब एक तरफ बातचीत चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ दोनों ही देश एक दूसरे पर हमले भी कर रहे हैं। इन तीन सालों में रूस ने काफी कुछ खोया है, यूक्रेन को भी नुकसान उठाना पड़ा है और अर्थव्यवस्था तो दोनों ही देशों की बर्बाद हुई है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल कुछ और है- आखिर रूस ने यूक्रेन की कितनी जमीन पर कब्जा किया है? जिस युद्ध को पुतिन 72 घंटे में खत्म करना चाहते थे, आखिर वे कामयाब कितने हो पाए?

### 1 लाख 14 हजार 500 वर्ग किमी खोया यूक्रेन ने

रूस-यूक्रेन के अगर मैप को देखा जाए तो पता चलता है कि रूस ने पिछले तीन सालों में यूक्रेन के काफी हिस्से पर अपना कब्जा किया है। शुरुआत में जरूर उसे कामयाबी ज्यादा नहीं मिल रही थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों में रूस के ज्यादा संसाधन और ताकत उसके पक्ष में गए हैं। वर्तमान में यूक्रेन के 19 प्रतिशत हिस्से पर रूस ने अपना कब्जा जमाया है। आंकड़ों में बात करें तो यूक्रेन के 1 लाख 14 हजार 500 वर्ग किमी हिस्से पर रूस का कब्जा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट बताती है कि रूस ने इस समय क्रीमिया, डोनबास, जापोरिज्जिया-खेरसॉन और खारकीव इलाके पर कब्जा है। यहां भी डोनबार का क्षेत्रफल सबसे बड़ा है और रूस इसे काफी निर्णायक भी मानता है।

# पुलिस का दावा-यूट्यूबर ज्योति ने कश्मीर डैम के वीडियो बनाए

## गिरफ्तारी की भनक लगते ही किया डेटा डिलीट

एजेंसी ▶▶| हिसार

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की आज (18 अगस्त) हिसार कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। कोर्ट ने उसे 7 दिन की न्यायिक हिरासत में फिर जेल भेज दिया। ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा- 25 अगस्त को ज्योति की कोर्ट में फिजिकल पेशी होगी, जिसमें उसे चार्जशीट की कॉपी सौंपी जाएगी।

हिसार पुलिस ने 14 अगस्त को कोर्ट में ज्योति के केस की 2500 पन्नों की चार्जशीट सौंपी थी। जिसमें पुलिस ने जांच के आधार पर जासूसी के सबूत होने के दावे किए हैं। जांच से जुड़े पुलिस सूत्रों से कई अहम खबरें सामने आई हैं।

### चार्जशीट को लेकर ये अहम खुलासे

ज्योति ने गिरफ्तारी से पहले ही कुछ डेटा डिलीट किया: चार्जशीट को लेकर जांच का हिस्सा रहे एक अधिकारी ने बताया कि ज्योति काफी शातिर है और वह सवालों के सीधे जवाब नहीं देती। यहां तक कि गिरफ्तारी का उसे पहले ही आभास हो गया था, इसलिए उसने कुछ डेटा डिलीट कर दिया था।

हालांकि चार्जशीट की कॉपी अभी किसी को नहीं मिली है, इस वजह से औपचारिक तौर पर पुलिस के दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। यह भी दावा किया गया है कि ज्योति लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारियों और एजेंटों के संपर्क में थी।

# भारत को हथियार देना खतरनाक वह चीन और रूस के करीब जा रहा है

## वाइट हाउस अधिकारी ने कहा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका ने एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। अब वाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा है कि भारत ने रूस और चीन से करीबी बढ़ा ली है, जिसके कारण उसे हथियार बेचना जोखिम भरा हो गया है। वहीं, भारत ने साफ किया है कि तेल खरीदने को लेकर उसे अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि अमेरिका और यूरोपीय संघ भी रूसी सामान के खरीदार हैं। फाइनेंशियल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में वाइट हाउस के व्यापारिक मामलों के सलाहकार पीटर नवारो ने लिखा है नई दिल्ली अब 'रूस और चीन दोनों के करीब जा रहा है।' उन्होंने लिखा, 'अगर भारत एक रणनीतिक साझेदार की तरह हमसे व्यवहार चाहता हैं, तो उसे वैसे काम भी करने चाहिए।' इससे पहले कई मौकों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी रूसी तेल की खरीदी को लेकर भारत पर निशाना साध चुके हैं। नवारो ने लिखा, 'भारत रूसी तेल के सबसे बड़े उपयोगकर्ता के रूप में काम कर रहा है।


**न्यायालय आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**// राजस्व नोटिस //**

रा.अ.प्र.क्र. 202408970100029/396 अ - 6 वर्ष 2023-24

प्रति,
1. श्रीमती हाजरा बी- पिता स्व. शेख इस्माईल निवासी ग्राम उस्मान पेन्टर के पीछे, कसाई मोहल्ला बैरनबाजार रायपुर (छ.ग.)
2. श्रीमती नूरजहां बेवा शेख हुसैन निवासी वूमेन्स कॉलेज के पास मोती जीरा संबलपुर उडीसा
3. श्रीमती मालन बी- जौजे शेख जमील उर्फ जमादार निवासी मटन विक्रेता, मटन दुकान, सब्जी मंडी, रायगढा उडीसा

आपके ज्ञात पते पर जारी नोटिस अदम तामिली वापस प्राप्त होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी उमर फारूख पिता रमजान खान निवासी व काश्तकार ग्राम अवंति बिहार कालोनी तेलीबांधा जिला रायपुर के द्वारा इस न्यायालय में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. रायपुर जिला रायपुर के प्रकरण क्रमांक 202203111000171 अ -6 वर्ष 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 17.05.2024 के विरूद्ध अपील पेश किया है, जिसमें आपको उत्तरवादी क्रमांक 01 से 03 बनाया गया है। प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 03.09.2025 हेतु नियत है।

अतएव आप निर्धारित तिथि 03.09.2025 को सुबह 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर)

आयुक्त
रायपुर संभाग, रायपुर



न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**उदघोषणा**

रा.प्र.क./ 202507103000057/अ-74/वर्ष2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया के प्रतिवेदन दिनांक 09/07/2025 के प्रतिवेदन अनुसार ग्राम खम्हरिया के खसरा क्रमांक 485/1 रकबा 1.00 हे. गौठान दर्ज है जिसे खसरा क्रमांक 530 रकबा 0.7000 हे. एवं 515/1 का टुकड़ा भी शामिल है। शासकीय भूमि में व्यवस्थापन आवश्यकता है। खसरा क्रमाक 485/1 गौठान को खसरा क्रमांक 530 रकबा 0.7000 हे. एवं 515/1 का टुकड़ा में व्यवस्थापन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)


## पीड़ित व्यक्ति आधार की प्रति जमा कर सकते हैं निर्वाचन आयोग

हरिभूमि न्यूज. नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि बिहार की मसौदा मतदाता सूची से बाहर रह गए लोग मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए अपने आधार की प्रति जमा कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने आयोग को पहचान के प्रमाण के रूप में आधार को स्वीकार करने का निर्देश दिया था। एक बयान में निर्वाचन आयोग ने कहा कि नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा, लेकिन पात्रता दस्तावेजों के सत्यापन के कम से कम सात दिन बाद ही।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAY DIVISION, CHAIBASA – 833201**
**Corrigendum to National Bidding / e-Procurement Notice**
**(Tender Reference no: - NH/CHAIBASA/PBMC/01/2025-26 Dated 23.07.2025)**
**Corrigendum-I**

Subject:- PMBC work of Existing Road from km 41.00 to 54.00 (except KM 49.00 to KM 52.800) of NH 220 in the state of Jharkhand. Reference is invited to the above mention work with **Tender Reference no: - NH/CHAIBASA/PBMC/01/2025-26 dated 23.07.2025** Published on different Newspapers vide NIT PR No. PR358189 West Singhbhum (25-26)_D. In this regard, it is to inform that bid date and bid opening date modified as below:

| Sl No. | Item | As per previous modification | As modified. |
|---|---|---|---|
| 1 | The complete BID document can be viewed / downloaded from official portal of the CPPP website https://eprocure.gov.in/eprocure/app | **05.08.2025** to **20.08.2025** (upto17:00 Hrs. IST). | **25.08.2025** to **08.09.2025** (upto17:00 Hrs. IST). |
| 2 | Submission of financial bid and Technical Bid | **20.08.2025** (upto 17:00 Hrs). | **08.09.2025** (upto 17:00 Hrs). |
| 3 | Bid opening date | **21.08.2025** (after 15:00 hours IST). | **09.09.2025** (after 15:00 hours IST). |

Executive Engineer National Highway Division, Chaibasa
Mob No: -6207723164
Email- eenh.chaibasa@gmail.com

PR 359743 West Singhbhum(25-26)D



**श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक / पैरामेडिकल/2025/7927 - 30 — रायपुर, दिनांक 14.08.2025

**विज्ञापन**

प्रदेश के शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा संचालित आयुर्वेद फॉर्मासिस्ट एवं पंचकर्म सहायक के एक वर्षीय पाठ्यक्रम के सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं।

01. उपलब्ध सीट - 01. आयुर्वेद फॉर्मासिस्ट पाठ्यक्रम 70 सीट
02.पंचकर्म सहायक 70 सीट

02. आयुर्वेद फॉर्मासिस्ट एवं पंचकर्म सहायक पाठ्यक्रम हेतु श्रेणी एवं संवर्गवार उपलब्ध सीटों की संख्या :-

| क्र. | पाठ्यक्रम | अनारक्षित | | | | | अ.जा. | | | | अनु.ज.जा. | | | | विशेष पिछड़ी अनु. ज.जा. | अ.पि.व. | | | | कुल सीट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | महिला | सैनिक | FF | दिव्यांग | निल | महिला | सैनिक | FF | निल | महिला | सैनिक | FF | निल | निल | महिला | सैनिक | FF | निल | |
| 01 | आयुर्वेद फॉर्मासिस्ट | 09 | - | - | 1 | 21 | 2 | - | - | 6 | 6 | - | - | 15 | 1 | 2 | - | - | 7 | 70 |
| 02 | पंचकर्म सहायक | 09 | - | - | 1 | 21 | 2 | - | - | 6 | 6 | - | - | 15 | 1 | 2 | - | - | 7 | 70 |
| | कुल सीट | 18 | - | - | 1 | 43 | 4 | - | - | 12 | 12 | - | - | 30 | 2 | 4 | - | - | 14 | 140 |

03. शुल्क :- आवेदन शुल्क तालिका

| | श्रेणी | बैंक ड्राफ्ट की राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलंब के | अनारक्षित एवं ओ.बी.सी. | 1000/- | 05.09.2025 |
| | अनु.जाति. अनु. जनजाति एवं विशेष पिछड़ी अनु.जनजाति | 600/- | |
| विलंब की स्थिति में | अनारक्षित एवं ओ.बी.सी. | 1200/- | 10.09.2025 |
| | अनु.जाति. अनु. जनजाति एवं विशेष पिछड़ी अनु.जनजाति | 800/- | |

टीप :- आवेदन पत्रों की विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट www.gacraipurcg.in से प्राप्त की जा सकती है। काउंसिलिंग सूचना, प्रवेश आदि से संबंधित जानकारियों के लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय के वेबसाईट पर समय-समय पर अवलोकन करते रहे।

प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

G-252602853/2



**SAINIK MINING (INDIA) PRIVATE LIMITED**
Regd. Office: 16A, Najafgarh Road, Moti Nagar, Shivaji Marg, New Delhi-110015
E: legal.secretarial@sainikmining.com Tel: 0124-2719000 Fax: 0124-271900
CIN: U10101DL2020PTC369309

Advertisement No.: SMIPL/HR/2025/01 — **रोजगार-आमंत्रण** — Date: 18.08.2025

सैनिक माईनिग (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड एवं संबद्ध एजेंसियां, 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाली कोल वॉशरी एवं कोल हेंडलिंग प्लांट अंगुल, उड़ीशा के लिए निम्नांकित पदों पर भर्ती हेतु योग्य उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित करती है। योग्य उम्मीदवार दिनॉक 30 अगस्त 2025 तक कंपनी की इमेल आई डी jobs@sainikminingindia.com में आवेदन कर सकते है। व्यक्तिगत साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना चयनित उम्मीदवारों को इमेल/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

**Detailed Advertisement for Recruitment of various Post in Coal beneficiation Plant (Coal Washery) & CHP**

| S. No | Name of Post | Total Vacancy | Age in (year | Essential Qualification | Experience | Core Expertise |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mechanical Foreman | 3 | Below 45 Year | Diploma / ITI in Mechanical | Minimum 8+ years | Breakdown maintenance of CHP & washery /Preventive maintenance/Welding and cutting work /Motor & gearbox Alignment/ Coupling Replacement/Screen/Crusher Repairing & Maintenance of all type of machinery. |
| 2 | Millwright fitter | 2 | Below 45 Year | Diploma / ITI in Mechanical | Minimum 10+ years | Sound Knowledge of Coal Washery Equipment, Repair and maintenance of Pumps, Screens, Belt Press, Scope Coupling and other associated equipment related to coal washery. All type of equipment alignment/Equipment replacement /repairing and maintenance |
| 3 | Fitter | 6 | Below 45 Year | ITI in Mechanical | Minimum 10+ years | Sound Knowledge of Coal Washery Equipment, Repair and maintenance of Pumps, Screens, Belt Press, Scope Coupling and other associated equipment related to coal washery. |
| 4 | Electrical Foreman | 2 | Below 45 Year | Diploma / ITI in Electrical | Minimum 8+ years | Preferable expertise in Switchgear HT/ LT / Control/ Power / Instrumentation. |
| 5 | C& I In charge | 1 | Below 45 Year | BE/B. Tech / Diploma in Electrical /Electronics /Instrumentation /PLC | Minimum 8+ years | Troubleshooting in /DCS/PLC /Fault analysis/ communication /SCADA/HMI/Modules/VFD Drives/Repairing and maintenance. |
| 6 | Electrician /Technician | 3 | Below 45 Year | Diploma / ITI in Electrical | Minimum 5+ years | Valid electrical Licence of MV/Knowledge of Switchgear HT/LT /Control /Power /Instrumentation. |
| 7 | HEMM Supervisor | 5 | Below 45 Year | ITI or equivalent | Minimum 5+ years | Supervised shift vehicles JCB / PC/ Hydra/ Bobcat/ truck & Spare management and maintenance |
| 8 | Belt Operator | 4 | Below 45 Year | ITI or equivalent | Minimum 5+ years | Smooth operation of conveyor belt and other machinery throughout shift |
| 9 | Belt Press Operator | 4 | Below 45 Year | ITI or equivalent | Minimum 5+ years | Smooth operation of belt press and thickener |
| 10 | Rigger | 8 | Below 45 Year | ITI or equivalent | Minimum 5+ years | Responsible for eigliging , lifting, installing heavy machinery and equipment using crane, hoist, pulleys and other rigging tools. They must read and understand of the load charts, safety protocols, SOPs, and work closely with engineers and operator to move materials safely. Strong of knowledge of rigging techniques, load calculations and safety standards |

नोट-
1. रिक्तियों की संख्या अस्थायी है। कंपनी की आवश्यकतानुसार इसमें वृद्धि/कमी की जा सकती है।
2. उपयुक्त उम्मीदवार के लिए वेतन की कोई सीमा नहीं है।



**SAINIK MINING (INDIA) PRIVATE LIMITED**
Regd. Office: 16A, Najafgarh Road, Moti Nagar, Shivaji Marg, New Delhi-110015
E: legal.secretarial@sainikmining.com Tel: 0124-2719000 Fax: 0124-271900
CIN: U10101DL2020PTC369309

Advertisement No.: SMIPL/HR/2025/01 — **Urgent Requirement** — Date: 18.08.2025

Sainik Mining (India) Private Limited & its associated agencies are invited Applications from the eligible candidates for recruitment of the following post for operation & Maintenance of 6.5 MTPA Coal Washery & Coal Handling Plant (CHP) at JSPL Angul, Odisha. Interested candidates may send their CV on jobs@sainikminingindia.com till 30.08.2025. Date of interview, Time & location will be communicated by email / phone to shortlisted candidate.



**Detailed Advertisement for Recruitment of various Post in Coal beneficiation Plant (Coal Washery) & CHP**

| S. No | Name of Post | Total Vacancy | Age in (year | Essential Qualification | Experience | Core Expertise |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mechanical Foreman | 3 | Below 45 Year | Diploma / ITI in Mechanical | Minimum 8+ years | Breakdown maintenance of CHP & washery /Preventive maintenance/Welding and cutting work /Motor & gearbox Alignment/ Coupling Replacement/Screen/Crusher Repairing & Maintenance of all type of machinery. |
| 2 | Millwright fitter | 2 | Below 45 Year | Diploma / ITI in Mechanical | Minimum 10+ years | Sound Knowledge of Coal Washery Equipment, Repair and maintenance of Pumps, Screens, Belt Press, Scope Coupling and other associated equipment related to coal washery. All type of equipment alignment/Equipment replacement /repairing and maintenance |
| 3 | Fitter | 6 | Below 45 Year | ITI in Mechanical | Minimum 10+ years | Sound Knowledge of Coal Washery Equipment, Repair and maintenance of Pumps, Screens, Belt Press, Scope Coupling and other associated equipment related to coal washery. |
| 4 | Electrical Foreman | 2 | Below 45 Year | Diploma / ITI in Electrical | Minimum 8+ years | Preferable expertise in Switchgear HT/ LT / Control/ Power / Instrumentation. |
| 5 | C& I In charge | 1 | Below 45 Year | BE/B. Tech / Diploma in Electrical /Electronics /Instrumentation /PLC | Minimum 8+ years | Troubleshooting in /DCS/PLC /Fault analysis/ communication /SCADA/HMI/Modules/VFD Drives/Repairing and maintenance. |
| 6 | Electrician /Technician | 3 | Below 45 Year | Diploma / ITI in Electrical | Minimum 5+ years | Valid electrical Licence of MV/Knowledge of Switchgear HT/LT /Control /Power /Instrumentation. |
| 7 | HEMM Supervisor | 5 | Below 45 Year | ITI or equivalent | Minimum 5+ years | Supervised shift vehicles JCB / PC/ Hydra/ Bobcat/ truck & Spare management and maintenance |
| 8 | Belt Operator | 4 | Below 45 Year | ITI or equivalent | Minimum 5+ years | Smooth operation of conveyor belt and other machinery throughout shift |
| 9 | Belt Press Operator | 4 | Below 45 Year | ITI or equivalent | Minimum 5+ years | Smooth operation of belt press and thickener |
| 10 | Rigger | 8 | Below 45 Year | ITI or equivalent | Minimum 5+ years | Responsible for eigliging , lifting, installing heavy machinery and equipment using crane, hoist, pulleys and other rigging tools. They must read and understand of the load charts, safety protocols, SOPs, and work closely with engineers and operator to move materials safely. Strong of knowledge of rigging techniques, load calculations and safety standards |



Note:
1. Nos. of vacancy is tentative & may be increase / decrease at the sole discretion of SMIPL.
2. Salary - No bar for right candidates.



**SAINIK MINING (INDIA) PRIVATE LIMITED**
Regd. Office: 16A, Najafgarh Road, Moti Nagar, Shivaji Marg, New Delhi-110015
E: legal.secretarial@sainikmining.com Tel: 0124-2719000 Fax: 0124-271900
CIN: U10101DL2020PTC369309

Advertisement No.:SMIPL/HR/2025/01 — **रोजगार - आमंत्रण** — Date: 18.08.2025

**सैनिक माईनिग (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड**, 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाली कोल वॉशरी एवं कोल हेंडलिंग प्लांट अंगुल, उडीशा के लिए निम्नांकित पदो पर भर्ती हेतु योग्य उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित करती है। योग्य उम्मीदवार दिनॉक 30 अगस्त 2025 तक कंपनी की इमेल आई डी **jobs@sainikminingindia.com** मे आवेदन कर सकते है। व्यक्तिगत साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना चयनित उम्मीदवारो को इमेल / दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

**Detailed Advertisement for Recruitment of various Post in Coal beneficiation Plant (Coal Washery) & CHP**

| S. No | Name of Post | Total Vacancy | Age in (year) | Essential Qualification | Experience | Core Expertise |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Shift In charge | 4 | Below 45 Year | BE/B. Tech/Dip. in Mechanical | Minimum 5+ years | Candidates have knowledge of Operation, Process more than 05 Years, Candidate having experience a desk operation of Heavy Media Having knowledge of Operation Control & Process including quality control & product. |
| 2 | Operation In charge | 2 | Below 45 Year | BE/B. Tech/Dip. in Mechanical | Minimum 7+ years | Candidates have knowledge of Operation, Process more than 7 Years, Candidate having experience an operation of Heavy Media Cyclone, Centrifuge, Magnetite Separator, Classifying Cyclone, Horizontal Belt Filter, Flotation Cell, Belt Press & Thickener. Candidate having knowledge of pump, equipment O&M and knowledge of laboratory and workshop equipment. Having knowledge of maintaining all records for submission to client & for billing purpose. Monitor and enhance beneficiation process performance (e.g., magnetic separation, Screening, Belt Press, etc.). Conduct mineralogical and metallurgical evaluations to optimize recovery and product quality. Ensure optimal utilization of plant capacity and resources. |
| 3 | Desk Operator | 7 | Below 45 Year | Dip. in Electrical /Electronics/ Instrumentation/PLC/Mechanical/Process | Minimum 2+ years | Candidates have knowledge of desk operation of Heavy Media coal washery. Having knowledge of Operation Control & Process including quality control &product. Preferable expertise in Coal bonificationplant (CPP)/ coal process /DCS/PLC Operation. |
| 4 | Maintenance In charge (Mechanical) | 2 | Below 45 Year | BE/B. Tech/Dip. in Mechanical | Minimum 7+ years | Candidates have knowledge of maintenance more than 7 Years Candidate having experience an maintenance of Centrifuge, Magnetite Separator, Classifying Cyclone, Horizontal Belt Filter, Flotation Cell, Belt Press & Thickener. Candidate having knowledge of pump, equipment O&M and knowledge of laboratory and workshop equipment. Having knowledge of day-to-day operation activity and preventive, routine & annual maintenance of Plant Lead and manage technical related to coal washery, Drive cost optimization and maintenance efficiency through continuous improvements. |
| 5 | Maintenance Engineer (Mechanic) | 3 | Below 45 Year | BE/B. Tech/Dip. in Mechanical | Minimum 5+ years | Candidates have knowledge of maintenance more than 05 Years Candidate having experience a maintenance of Centrifuge, Magnetite Separator, Classifying Cyclone, Horizontal Belt Filter, Flotation Cell, Belt Press & Thickener. Candidate having knowledge of pump, equipment O&M and knowledge of laboratory and workshop equipment. Having knowledge of day-to-day maintenance activities. Taking care of Shift Maintenance. |
| 6 | Safety Officer | 1 | Below 45 Year | Dip. in Industrial Safety /fire & Safety or equivalent Cert. | Minimum 5+ years | All Statutory compliancesafetyrelated document/ Preparation/Record Keeping/ Safety awareness /Safety Audit/Training |
| 7 | Safety Supervisor | 4 | Below 45 Year | Diploma in Industrial Safety / fire & Safety or equivalent Cert. | Minimum 2+ years | All Statutory compliance in Shift operation /Safety awareness/ Safetytraining |

नोट: 1. रिक्तियों की संख्या अस्थायी है। कंपनी की आवश्यकतानुसार इसमें वृद्धि / कमी की जा सकती है।
2. उपयुक्त उम्मीदार के लिए वेतन की कोई सीमा नही है।



**SAINIK MINING (INDIA) PRIVATE LIMITED**
Regd. Office: 16A, Najafgarh Road, Moti Nagar, Shivaji Marg, New Delhi-110015
E: legal.secretarial@sainikmining.com Tel: 0124-2719000 Fax: 0124-271900
CIN: U10101DL2020PTC369309

Advertisement No.:SMIPL/HR/2025/01 — **Urgent Requirement** — Date: 18.08.2025

**Sainik Mining (India) Private Limited** are invited Applications from the eligible candidates for recruitment of the following post for operation & Maintenance of 6.5 MTPA Coal Washery & Coal Handling Plant (CHP) at JSPL Angul, Odisha.Interested candidates may send their CV on **jobs@sainikminingindia.com** till 30.08.2025. Date of interview, Time& location will be communicated by email / phone to shortlisted candidate.



**Detailed Advertisement for Recruitment of various Post in Coal beneficiation Plant (Coal Washery) & CHP**

| S. No | Name of Post | Total Vacancy | Age in (year) | Essential Qualification | Experience | Core Expertise |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Shift In charge | 4 | Below 45 Year | BE/B. Tech/Dip. in Mechanical | Minimum 5+ years | Candidates have knowledge of Operation, Process more than 05 Years, Candidate having experience a desk operation of Heavy Media Having knowledge of Operation Control & Process including quality control & product. |
| 2 | Operation In charge | 2 | Below 45 Year | BE/B. Tech/Dip. in Mechanical | Minimum 7+ years | Candidates have knowledge of Operation, Process more than 7 Years, Candidate having experience an operation of Heavy Media Cyclone, Centrifuge, Magnetite Separator, Classifying Cyclone, Horizontal Belt Filter, Flotation Cell, Belt Press & Thickener. Candidate having knowledge of pump, equipment O&M and knowledge of laboratory and workshop equipment. Having knowledge of maintaining all records for submission to client & for billing purpose. Monitor and enhance beneficiation process performance (e.g., magnetic separation, Screening, Belt Press, etc.). Conduct mineralogical and metallurgical evaluations to optimize recovery and product quality. Ensure optimal utilization of plant capacity and resources. |
| 3 | Desk Operator | 7 | Below 45 Year | Dip. in Electrical /Electronics/ Instrumentation/PLC/Mechanical/Process | Minimum 2+ years | Candidates have knowledge of desk operation of Heavy Media coal washery. Having knowledge of Operation Control & Process including quality control &product. Preferable expertise in Coal bonificationplant (CPP)/ coal process /DCS/PLC Operation. |
| 4 | Maintenance In charge (Mechanical) | 2 | Below 45 Year | BE/B. Tech/Dip. in Mechanical | Minimum 7+ years | Candidates have knowledge of maintenance more than 7 Years Candidate having experience an maintenance of Centrifuge, Magnetite Separator, Classifying Cyclone, Horizontal Belt Filter, Flotation Cell, Belt Press & Thickener. Candidate having knowledge of pump, equipment O&M and knowledge of laboratory and workshop equipment. Having knowledge of day-to-day operation activity and preventive, routine & annual maintenance of Plant Lead and manage technical related to coal washery, Drive cost optimization and maintenance efficiency through continuous improvements. |
| 5 | Maintenance Engineer (Mechanic) | 3 | Below 45 Year | BE/B. Tech/Dip. in Mechanical | Minimum 5+ years | Candidates have knowledge of maintenance more than 05 Years Candidate having experience a maintenance of Centrifuge, Magnetite Separator, Classifying Cyclone, Horizontal Belt Filter, Flotation Cell, Belt Press & Thickener. Candidate having knowledge of pump, equipment O&M and knowledge of laboratory and workshop equipment. Having knowledge of day-to-day maintenance activities. Taking care of Shift Maintenance. |
| 6 | Safety Officer | 1 | Below 45 Year | Dip. in Industrial Safety /fire & Safety or equivalent Cert. | Minimum 5+ years | All Statutory compliancesafetyrelated document/ Preparation/Record Keeping/ Safety awareness /Safety Audit/Training |
| 7 | Safety Supervisor | 4 | Below 45 Year | Diploma in Industrial Safety / fire & Safety or equivalent Cert. | Minimum 2+ years | All Statutory compliance in Shift operation /Safety awareness/ Safetytraining |



Note: 1. Nos. of vacancy is tentative & may be increase / decrease at the sole discretion of SMIPL.
2. Salary - No bar for right candidates

## टीवी मसाला



# केबीसी 17 को मिला पहला करोड़पति 7 करोड़ के सवाल पर टिकी नजरें

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड फेमस क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 17 का धमाकेदार आगाज हो चुका है। ये शो ने शुरू होने के साथ ही सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी में एक बार फिर से अमिताभ का शानदार अंदाज देख न सिर्फ कंटेस्टेंट, बल्कि दर्शक भी काफी खुश हैं। अमिताभ के इस शो के पहले ही हफ्ते में दर्शकों को इस सीजन का पहला करोड़पति मिल गया है। इस प्रोमो में दिखाया गया कि उत्तराखंड के रहने वाले आदित्य कुमार शानदार तरीके से खेल को आगे बढ़ा रहे हैं। अमिताभ के पूछे गए सभी सवालों का जवाब आदित्य ने बिल्कुल सही दिया। इस तरह आदित्य ने 1 करोड़ के सवाल का भी जवाब बिल्कुल सही दिया। एक करोड़ की रकम जीतकर आदित्य फूले नहीं समा रहे थे। बिग बी ने भी उठकर आदित्य को गले लगाया। एक करोड़ जीतने के बाद आदित्य सीधे 7 करोड़ के सवाल पर पहुंच गए हैं। अब हर किसी की नजरें 'कौन बनेगा करोड़पति 17' जैकपॉट वाले सवाल पर टिकी है। हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि क्या आदित्य 7 करोड़ के जैकपॉट वाले सवाल का सही जवाब दे पाएंगे। फिलहाल, ये जानने के लिए सभी काफी उत्सुक हैं। आदित्य ने अमिताभ बच्चन के सामने अपने कॉलेज के दिनों का एक मजेदार किस्सा सुनाया। आदित्य ने बताया कि जब वो कॉलेज में थे तब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ केबीसी को लेकर एक मजाक किया था। उन्होंने कहा था कि कॉलेज में केबीसी की शूटिंग होने वाली है। ये सुनकर सभी दोस्त रोज तैयार होकर आते थे, लेकिन जब एक हफ्ता बीत गया तब खुद आदित्य ने बताया कि वो मजाक कर रहे थे। ये सुनकर बिग बी खूब हंसे।

## तान्या हुई कंफर्म, फेमस वकील भी बिग बॉस में मचाएगा बवाल

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के लिए अब जो नाम सामने आ रहा है, वो है तान्या मित्तल का। तान्या एक सोशल मीडिया पर स्टार हैं। तान्या एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ही नहीं, बल्कि एक उद्यमी महिला भी हैं। वो



अपनी सादगी के लिए हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं। बता दें कि इसी साल प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ में तान्या भी मौजूद थीं। तान्या ने न सिर्फ अपनी जान बचाई, बल्कि लोगों की भी मदद करती नजर आईं थीं। सलमान खान के शो के लिए तान्या का नाम कंफर्म बताया जा रहा है। फिलहाल तान्या की तरफ से शो में जाने को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बिग बॉस 19 में पिछले कुछ सीजन से देखा जा रहा है कि शो में यूट्यूबर्स, स्टार्स, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के अलावा वकील भी आ रहे हैं। सीजन 19 में भी एक फेमस वकील की एंट्री को कंफर्म बताया जा रहा है। शो के लिए इस बार फेमस लॉयर अली काशिफ खान का नाम सामने आ रहा है। अली काशिफ को सलमान खान के शो लिए लगभग कंफर्म बताया जा रहा है।

# धमाकेदार होगा यह वीक, बिग बॉस 19 की दस्तक के साथ रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में इस वक्त 'कुली' और 'वॉर 2' सजी हुई हैं। साथ ही 'महावतार नरसिम्हा' भी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। वहीं, ओटीटी पर बीते हफ्ते काफी शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब नए वीक की शुरुआत हो चुकी है और मनोरंजन के शौकीनों के लिए इस वीक भी ओटीटी पर काफी कुछ खास आने वाला है।



***पीसमेकर सीजन 2*** : यह सीरीज इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में शामिल है और 21 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें जॉन सीना, डेनिएल ब्रूक्स, फ्रेडी स्ट्रोमा, जेनिफर हॉलैंड, फ्रैंक ग्रिलो जैसे सितारे नजर आएंगे। बता दें कि 'पीसमेकर' का पहला सीजन साल 2022 में रिलीज हुआ था।

***आमार बॉस*** : यह फिल्म 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह वही फिल्म है, जिसके जरिए करीब दो दशक बाद दिग्गज अभिनेत्री राखी ने एक्टिंग की दुनिया में वापसी की है। यह बंगाली फिल्म मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब ओटीटी पर दस्तक दे रही है। इस फिल्म में राखी और शिबोप्रसाद मुखर्जी लीड रोल में हैं। नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने इसका निर्देशन किया है।

***मारीसन*** : यह तमिल फिल्म है। सुधीश शंकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 22 अगस्त को ओटीटी पर दस्तक देगी। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म में फहाद फासिल और वडिवेलु लीड रोल में हैं। बता दें कि यह फिल्म 25 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज हुई थी।

***थलाइवन थलाइवी'*** : विजय सेतुपति और नित्या मेनन अभिनीत यह फिल्म भी इस हफ्ते ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। दोनों सितारों को इस फिल्म में पहली बार साथ स्क्रीन पर देखा गया। यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 22 अगस्त से यह प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

***शोधा*** : यह एक कन्नड़ सीरीज है। इस हफ्ते ओटीटी पर प्रीमियर के लिए तैयार है। निर्देशक पवन कुमार इस वेब सीरीज में लीड रोल में नजर आएंगे। 'शोधा' 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह एक सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है।

***बिग बॉस 19*** : यह वीक इसलिए भी काफी खास है, क्योंकि सलमान खान का रियलिटी शो भी 'बिग बॉस' का नया सीजन भी दर्शकों के बीच पहुंच रहा है। 'बिग बॉस 19' जियो हॉटस्टार पर 24 अगस्त से स्ट्रीम होगा।

# वॉर 2 में कियारा का काम देखकर खुश हुए सिद्धार्थ



*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर वॉर 2 का इंतजार लंबे वक्त से किया जा रहा था। फिल्म बड़े पैमाने पर बनी और इसे यशराज के स्पाई यूनिवर्स की सबसे बड़ी कड़ी बताया गया। लेकिन, रिलीज के बाद ऑडियंस का रिएक्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। हाई ऑक्टेन एक्शन और स्टारपावर के बावजूद फिल्म ऑडियंस को पूरी तरह एंटरटेन नहीं कर पा रही। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर मिलाजुला रिस्पॉन्स देखने को मिला है। इस बीच एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पत्नी कियारा आडवाणी की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कियारा के काम को शानदार बताया। सिद्धार्थ ने फिल्म देखने के बाद लिखा, क्या राइड थी! एक्शन, स्केल और स्टाइल सब कमाल। कियारा अडवाणी ऑन स्क्रीन ग्रेस और स्ट्रेंथ लेकर आईं।*

## जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि जंगल-जंगल बात चली है पता चला है...

# एक ऐसा फनकार, जिसने जिस विधा को छुआ उसे कर दिया 'गुलजार'



*नई दिल्ली। गुलजार एक हैं, लेकिन उनके रंग अनेक हैं। जब वह गाने लिखने बैठते हैं तो पहला ही गाना लिखते हैं- 'मोरा गोरा अंग लइ ले, मोहे श्याम रंग दई दे'। जिस बॉलीवुड की दुनिया में गोरे रंग की चमक-दमक ही सबकुछ मायने रखती हो, वहां पहले ही गाने में श्याम रंग की चाहत। जब वो स्क्रीन प्ले लिखते हैं तो आनंद जैसी फिल्म सामने आती है। जिसका सार ही ये है कि 'जिंदगी लंबी नहीं बड़ी होनी चाहिए। जब वो निर्देशक की कुर्सी पर बैठते हैं तो आंधी, मौसम और माचिस जैसी फिल्में सामने आती हैं। जहां संवेदनाएं अपने चरम पर हैं और आपके अंदर भावनाओं का एक तूफान सा छोड़ जाती हैं। जब बड़े पर्दे से छोटे पर्दे की ओर रुख करते हैं और टीवी सीरियल बनाते हैं तो मिर्जा गालिब जैसे एक शाहकार से मुलाकात होती है। जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि 'जंगल जंगल बात चली है पता चला है, चड्डी पहनकर फूल खिला है।'*

### मेरे अपने से निर्देशन की दुनिया में उतरे

गीत, स्क्रीन राइटिंग और डायलॉग लिखने के बाद गुलजार ने साल 1971 में निर्देशन की दुनिया में कदम रखा। निर्देशक की कुर्सी पर बैठने के बाद उन्होंने पहली फिल्म बनाई मेरे अपने। श्याम आए तो उससे कहना कि छेनू आया था। ये डायलॉग तो आपने कई बार सुना होगा। ये सुपरहिट डायलॉग गुलजार की 'मेरे अपने'का ही है। ये फिल्म एक बूढ़ी विधवा, उसका एक कथित रिश्तेदार और दो युवकों के बीच की कहानी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और इस फिल्म ने विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा के कॅरियर में एक अहम बदलाव लाया था। फिल्म में इन दोनों के अलावा मीना कुमार, देवेन वर्मा, असित सेन, असरानी, डैनी डेन्जोंगपा, कैस्टो मुखर्जी, ए के हंगल, दिनेश ठाकुर, महमूद और योगिता बाली प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

**कॉमेडी ड्रामा परिचय** : इसके बाद 1972 में गुलजार जितेंद्र, जया भादुड़ी, प्राण और संजीव कुमार स्टारर परिचय लेकर आए। इस फिल्म में एक की तलाश करते युवक की कहानी दिखाई गई है। जिसे बाद में पांच बिगड़ैल बच्चों को पढ़ाने की नौकरी मिलती है। ये बच्चे इतने बिगड़ैल हैं कि वो इससे पहले कई टीचर्स को भगा चुके हैं। ये अपने दादा जी राय साहब के साथ रहते हैं, जो समय के बड़े पाबंद हैं। फिल्म की कहानी काफी रोचक है। साथ ही फिल्म रिश्तों और रोजगार के मुद्दे पर भी बात करती है।

**मूक-बधिर की इमोशनल कर देने वाली कहानी कोशिश** : इसी साल गुलजार एक मूक-बधिर जोड़े की दिल को झकझोर देने वाली रोमांटिक-ड्रामा फिल्म कोशिश भी लेकर आए। इस फिल्म में संजीव कुमार, जया भादुड़ी और असरानी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मूक-बधिर कपल हरि चरण और आरती के संघर्ष, उनके दर्द और समाज में अपनी जगह बनाने की उनकी जद्दोजेहद को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी काफी भावुक है। कैसे हरि चरण आरती के मरने के बाद अकेले ही अपने बेटे को पालता है और इस दौरान उसे कैसे समाज से भी लड़ना पड़ता है। इस फिल्म के लिए संजीव कुमार को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। 1972 में आईं ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं।

### नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर बनाई अचानक

गुलजार ने सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्में भी बनाईं और साथ ही उन्होंने अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को भी उठाया है। उन्होंने 1958 में हुए केएम नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर फिल्म बनाई थी 'अचानक'। ये वो ही मामला है, जिस पर बाद में अक्षय कुमार की फिल्म रुस्तम बनी हुई है। अचानक में विनोद खन्ना प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इसके अलावा लिली चक्रवर्ती, फरीदा जलाल और असरानी भी प्रमुख किरदारों में हैं। सबसे खास बात कि खुद गीतकार होने के बावजूद गुलजार की इस फिल्म में एक भी गाना नहीं था। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और कई अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन भी मिला था।

**इमरजेंसी में आंधी पर लगा बैन** : साल 1975 में जब देश में इमरजेंसी लगी थी और शोले जैसी ऐतिहासिक फिल्म रिलीज हुई थी। उसी साल गुलजार ने दो ऐसी फिल्में बनाईं जो आज भी आपके अंदर भावों का एक समुंदर सा छोड़ जाती हैं। पहले गुलजार संजीव कुमार और सुचित्रा सेन स्टारर आंधी लेकर आए। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। जिसमें कई वर्षों के बाद एक अलग हुए कपल की अचानक मुलाकात होती है। जब पत्नी आरती देवी, जो अब एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हैं, चुनाव प्रचार के दौरान अपने पति के होटल में ठहरती हैं। इस फिल्म को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित बताया जाता है। हालांकि, मेकर्स ने इस बात से इंकार किया था।

## बागी-4 का पहला गाना गुजारा हुआ रिलीज



**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बागी 4 का पहला गाना गुजारा सोमवार को रिलीज हो गया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। इस रोमांटिक गाने में दोनों की जोड़ी काफी जच रही है। ए हर्षा द्वारा निर्देशित 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की एक्शन से भरपूर फिल्म बागी 4 का पहला गाना सामने आया है। एक्शन फिल्म का पहला गाना रोमांस से भरपूर है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनेत्री हरनाज कौर संधू नजर आ रही हैं। ये गाना पंजाबी सिंगर सरताज के गाने 'तेरे बिना ना गुजारा' का रीमेक है।

## डायरेक्टर अनिल ने की गदर-3 की घोषणा



**मुंबई।** गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर अनिल शर्मा ने इस फिल्म की घोषणा की है। क्या तीसरी किश्त में अमीषा पटेल भी सकीना के किरदार में नजर आएंगी? दरअसल, पिछले दिनों अमीषा पटेल और अनिल शर्मा के बीच मनमुटाव हुआ था। अपनी फिल्म गदर 3 की कहानी, मेकिंग को लेकर डायरेक्टर ने अपडेट दिया। अनिल शर्मा कहते हैं, 'अमीषा के साथ मेरा रिश्ता अब बहुत अच्छा है। वक्त के साथ-साथ सब चीजें सही हो जाती हैं। अभी सब बढ़िया है। सकीना (अमीषा पटेल) और तारा (सनी देओल) 'गदर' फिल्म सीरीज का एक जरूरी हिस्सा हैं। लेकिन, हम गदर 3 की रिलीज से पहले उनके रोल के बारे में ज्यादा चर्चा नहीं करेंगे।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF + ESIC + खाने की सुविधा. Mo. 9201958117, 9201958114.(RO-6764)

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु गार्ड व सुपरवाइजर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क :- श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल, न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर 7880003495. (RO-665)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु आठवीं/दसवीं तक पढ़े लड़को की आवश्यकता है कार्य समय 10 से 8 बजे तक इच्छुक दोपहर 1 बजे से रात 8 बजे तक सम्पूर्ण बायोडाटा सहित संपर्क करें शिल्पा सेल्स ए-10 आरडीए काम्पलेक्स शारदा चौक रायपुर (RO-7225)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता संपर्कः दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 91311-39179. (RO-220)

**कुक/हेल्पर**

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट के लिए आवश्यकता स्थानः AIIMS, Tatibandh के पास महिला कुक, हेल्पर, क्लीनर संपर्क करें: 8225048516.(RO-6769)

**टीचर**

आवश्यकता है- हिन्दी माध्यम 9वीं से 12वी लेखाशास्त्र, अंग्रेजी जीवविज्ञान व अंग्रेजी माध्यम 5 से 8वीं तक पढ़ाने के लिए शिक्षक/ शिक्षिकाओं की। वेतन 7000- 10000 संपर्क- ज्ञानदीप विद्या मंदिर, शुक्रवारी बाजार, बिरगाँव रायपुर समय 8 से 1 बजे तक। मो. 9644244456. (RO-6991)

Required- Pragati Vidyalaya Higher Secondary School Rameshwar Nagar bhanpuri Requires teachers for English medium from higher class for Commerce, Arts, Maths and Primary & Pre-Primary Time: 8.00am to 12.00pm Contact- 9754955511, 7738963592. (RO-212)

**सेल्स इंजीनियर**

आवश्यकता है- A First Growing Company Requires 2 Sales Engineers & 2 Sales Executives Preferably Mech Eng. Graduates with Good Exposure in Metal/ Cement/ Power Industry With Proven Experience For Dealing In Bearings & Accessories, Gear Motors Coupling , Power Tools Etc And Junior Accountants & Back Office Executives Apply With Photo : udyog243@gmail.com (RO-1291)

हरिभूमि

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित मीडीया कंपनी को ड्रायवर की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र ही संपर्क करें अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क नबंर- 82259-75632, 98269-00983.(RO-6773)

आवश्यकता है- उरला क्षेत्र में अशोक लीलैंड 22 फीट गाड़ी चलाने के लिए एक अनुभवी ड्राईवर की आवश्कता है। वेतन 18000/- , भत्ता 200/-,कार्य का समय 10 से 8 बजे । संपर्क - क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-4095884. (RO-664)

**एकाउंट/दुकान कार्य**

आवश्यकता है- एकाउंट कार्य करने वाले 3/4 वर्षो के अनुभवीं एवं दुकान में काम करने वाले लड़के की आवश्यकता हैं। सम्पर्क करें- लक्जोरा बिलिडंग (419 चौथा माला), मोवा, रायपुर, मोबाईल 7880007538, 7880007534. (RO-6990)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- एल जी एवं वोल्टास इलेक्ट्रॉनिक के कंपनी ऑथोराइस सर्विस सेंटर में कंप्यूटर ऑपरेटर लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। शंकर नगर, रायपुर 7566600066, 9826190214. (RO-218)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि

**इंजीनियर**

आवश्यकता
मैकेनिकल इंजीनियर-02
(प्रोफ़ाइल मशीन संचालन एवं सीटीएल मशीन संचालन हेतु)
अनुभव- न्यूनतम 05-10 वर्ष
साइट इंजीनियर (सिविल)-01
अनुभव न्यूनतम 5 वर्ष
सैलरी - योग्यतानुसार
प्रोफ़ाइल सेल्टर
मोहदा, बिल्हा, बिलासपुर
संपर्कः 7879883245
mittalsteelispat@gmail.com

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- इंदौर भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7415455110, 9589217914. (RO-367)

आवश्यकता है- टेलीकालिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़की/ महिलाओं की आवश्यकता है । योग्यता - 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, सेलरी 7,000+ कमीशन+ बोनस से कमाएं 15,000 से 20,000/ पता- प्रोफेसर कॉलोनी के पास रायपुर. 8962358129. (RO-6771)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20हजार महीना मो. 9039470547, 8815522974.(RO-6770)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करेः- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर मो. 8109135400.(RO-661)

**ऑफिस/डिलिवरी कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार मिलेः डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022 (RO-213)

**टेक्निशियन/असिस्टेंट**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट- 02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- 4, सर्विस टेक्निशियन- 2, ऑफिस बॉय- 1 संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461. (RO-211)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका! 18–25 वर्ष के लड़के, 11,000/– मासिक +प्रति वर्ष वेतन वृद्धि सफाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था, बिजली, पानी व सिलेंडर सहित 10:30 AM से 9:30 PM देवपुरी, रायपुर 8448107841, 9302708426. (RO-216)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178. (RO-214)

**अन्य**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457. (RO-1113)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरुरत अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों/लड़कियों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 55500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920930586. (RO-1111)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Reliance jio 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 6200736250.(RO-1102)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8873762120 (RO-589)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- अमलीडीह में 1170 वर्गफीट प्लाट में 2500 कंस्ट्रक्शन नवनिर्मित डबल स्टोरी मकान 2BHK, नीचे ऊपर एक जैसा बना हुआ बेचना है 9329085272, 7999520207.(RO-6772)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - सभी बैंकों द्वारा पर्सनल, प्रॉपर्टी, ग्रुप लोन पाए घर बैठे मात्र 24 घंटे में 2% ब्याज 30% छूट महिलाओं, किसानों को विशेष छूट संपर्क करें:- हेड ऑफिस 8127684826 हेल्प लाइन, 8957078373. (एजेंट आमंत्रित) (RO-217)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

RAIPUR SMART BUSINESS
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

Healthcare
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसे: शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं है। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्युनो थैरेपी पर आधारित केवल रस -रसायन में ही हैं।
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा साइंटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## जैकेट के शेष

### ईसी के खिलाफ...
संदेहों का जवाब नहीं दिया है या उन्हें दूर नहीं किया है। सूत्रों ने बताया कि इस बारे में अभी विचारविमर्श जारी है, हालांकि विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे की रणनीति बनाएंगे। इस कदम के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता नसीर हुसैन ने कहा कि वे इस संबंध में हर लोकतांत्रिक तरीका अपनाएंगे। उन्होंने कहा, हमें कल उम्मीद थी कि निर्वाचन आयोग जनता द्वारा उठाई जा रही सभी चिंताओं और सवालों का जवाब देगा और लोगों की शंकाओं को दूर करेगा।

### पात्रा बोले- देश में...
चाहते हैं कि भारत में भी वही हालात हों, जो पड़ोसी देशों में देखे गए। जहां हिंसा और मारकाट हुई, लेकिन भारत की जनता समझदार है, वो इनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग पर सवाल उठाने को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, विपक्ष हारते ही अब्बा-डब्बा-जब्बा करने लगता है।

### हफ्तेभर में दूसरा...
जवान आ गए। आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवान दिनेश नाग शहीद हो गए। यह विस्फोट प्रेशर था या कमांड स्विच था इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिली है। बहरहाल नक्सलियों की कायराना हरकत के चलते एक बार फिर जवान की शहादत हुई है। ब्लास्ट में तीन अन्य जवान भरत धीवर, पैकू इंला और मुंदारू राम कवासी घायल हुए हैं। घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में जवानों ने सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है।

**उल्लूर घाटी क्षेत्र के चिल्ला मरका गांव के करीब हुआ ब्लास्ट** : जानकारी के मुताबिक घटना बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र स्थित नेशनल पार्क इलाके के उल्लूर घाटी से लगे चिल्ला मरका गांव के करीब यह ब्लास्ट हुआ है। चिल्ला मरका गांव के करीब नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी ब्लास्ट हुआ जिसकी चपेट में आने से जवानों को नुकसान उठाना पड़ा। स्वतंत्रता दिवस से पहले भी आईईडी ब्लास्ट की घटना हुई थी। बीजापुर के ही भैरमगढ़ ब्लॉक के माटवाड़ा थाना क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के पहले भी आईईडी ब्लास्ट हुआ था जिसकी चपेट में आने से एएसआई घायल हो गए थे।

**गार्ड ऑफ ऑनर के बाद हुआ अंतिम संस्कार** : घटना के बाद शहीद जवान का पार्थिक शरीर बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया। यहां पोस्टमॉर्टम के बाद गार्ड ऑफ ऑनर देकर शहीद जवान के परिजनों को पार्थिव शरीर सौंपा गया। शहीद जवान दिनेश नाग का परिवार बीजापुर के संजय पारा में रहता है। पीएम के बाद विधायक विक्रम मण्डावी, आईजी सुंदरराज पी, एसपी जितेन्द्र यादव व अन्य अधिकारी व जवानों ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके घर रवाना किया गया। जहां काफी गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### शहादत व्यर्थ नहीं...
आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और इसीलिए ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं। डीआरजी के जवान दिनेश नाग की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। नक्सलवाद का खात्मा हमारा संकल्प है और इस दिशा में हम हर हाल में सफल होंगे।

### गर्भवती पत्नी ने...
सोमवार सुबह हुए नक्सली हमले में डीआरजी के जवान दिनेश नाग शहीद हो गए। घटना के बाद शहीद जवान को शहीद वाटिका रक्षित केंद्र बीजापुर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी गई। जिसके बाद जवान के गृहग्राम संजयपारा में जवान के पार्थिव शरीर को रखा गया। शहीद दिनेश नाग के पार्थिव शरीर के गांव पहुंचते ही परिजनों, दोस्तों और आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई आंसुओं और श्रद्धा के साथ अंतिम विदाई देने आया। अंतिम संस्कार से पहले पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया। पूरे सम्मान के साथ तिरंगा उनकी पत्नी पूजा नाग को सौंपा गया। इस भावुक क्षण में जवान का पार्थिव शरीर देख उनकी पत्नी बिलख पड़ी और गर्व से कहा कि मेरे पति ने देश के लिए शहीद हुए हैं, मुझे उन पर गर्व है।

**दिनेश ने 2016-17 में ज्वाइन किया था डीआरजी** : गौरतलब है कि दिनेश नाग ने वर्ष 2016-17 में डीआरजी में भर्ती होकर बस्तर में सेवा शुरू की थी। वे बीजापुर के संजयपारा गांव के रहने वाले थे। लगातार नक्सल मोर्चे पर डटे रहे। उनके परिवार में पत्नी पूजा नाग और 7 वर्षीय बेटा प्रियांश नाग हैं जो दूसरी कक्षा में पढ़ता है। पत्नी वर्तमान में पाँच माह की गर्भवती हैं।

### डिप्टी कलेक्टर पर...
से इंकार कर दिया तो पीड़िता ने डौंडी थाने में लिखित शिकायत दी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### डीजे और साउंड...
हाईकोर्ट ने दो सप्ताह में संशोधन करने कहा तो सरकार की ओर से चार सप्ताह का समय मांगा गया। कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि कोलाहल अधिनियम में इतने कड़े प्रावधान है ही नहीं। एक या दो बार 500-1000 रुपए पेनाल्टी लगाकर छोड़ दिया जाता है। ना सामान की जब्ती होती है और ना ही कोई कड़े नियम बनाए गए है। कोर्ट ने मामले में सरकार को कार्रवाई के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से बताया गया कि केन्द्र सरकार की न्वाइज पाल्यूशन कंट्रोल के तहत पांच लाख रुपए तक की पेनाल्टी लगाए जाने का प्रावधान है। छग में इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। सरकार की ओर से कहा गया कि ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए ही संशोधन किए जा रहे हैं। इसे विधानसभा में रखकर पास कराया जाएगा और कड़े प्रतिबंध लागू किए जाएंगे।

### हस्तक्षेप याचिका...
ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस तरह की कई अन्य हस्तक्षेप याचिकाएं भी कोर्ट में दायर की गई हैं।

### लेजर और बीम लाइट...
लग रहा है। बार-बार उल्लंघन पर वाहन जब्त किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर चल रही जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत राज्य शासन द्वारा गठित समिति को ही सभी मामलों की जांच और निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

### हावड़ा-मुंबई की ट्रेनों...
कार्य के लिए 24 दिनों का प्री एनआई 8 सितंबर और 25 वें दिन 9 सितंबर को 6 घंटे यानि 11 बजे से शाम 17 बजे तक किया जाएगा, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन ब्लॉक रहेगा। इसके अतिरिक्त एक दिन का पोस्ट एनआई कार्य 10 सितंबर को होगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित सभी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें 15 ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसी तरह किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन को चौथी रेल लाइन में जोड़ने का कार्य 24 से 27 अगस्त तक विभिन्न तिथियों में होगा। बिलासपुर से होकर चलने वाली मुंबई-हावड़ा लाइन की 22 ट्रेनों को रद्द करने का आर्डर दिया गया है। इसके साथ ही 23 अगस्त को हावड़ा से रवाना होने वाली 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, लाखोली, रायपुर होकर और 25 अगस्त को पुणे से रवाना होने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर, लाखोली, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चलाई जाएगी। परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण दूरंतो एक्सप्रेस में सफर करने की सुविधा बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के यात्रियों को नहीं मिल पाएगी। वहीं 24 से 27 अगस्त तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया एक्सप्रेस बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 23, 35, 26 अगस्त को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त कर बिलासपुर से रायगढ़ के बीच, 25, 27, 28 अगस्त को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ के स्थान पर बिलासपुर से रवाना की जाएगी। यह गाड़ी बिलासपुर से रायगढ़ के बीच रद्द रहेगी।

### डायवर्ट होकर चलेगी...
वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 26 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 26, 28 अगस्त, 9 सितम्बर को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से चलने वाली 12261 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, 28, 30 अगस्त को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 30 अगस्त को हटिया से रवाना होने वाली 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 30 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को पुण से चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, एक सितम्बर को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से रवाना की जाएगी।

### रद्द की जाने...
27 अगस्त को 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस। 29 अगस्त को 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस। 22 अगस्त को 17321 वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस। 25 अगस्त को 17322 जसीडीह-वास्को द गामा एक्सप्रेस। 21 अगस्त को 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस। 24 अगस्त को 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस। 23, 25, 26 अगस्त को 12101 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस। 29 अगस्त एवं 12 सितम्बर को 17008 दरभंगा-चर्लापल्ली एक्सप्रेस। 26 अगस्त से 9 सितम्बर तक 17007 चर्लापल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस। 28 अगस्त को 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस। 31 अगस्त को 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस। 30 अगस्त को 07051 चर्लापल्ली-रक्सौल एक्सप्रेस। 02 सितम्बर को 07052 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशल एक्सप्रेस। 04 सितम्बर को 07006 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशल एक्सप्रेस। 08 सितम्बर को 12767 नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस। 10 सितम्बर को 12768 संतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस। 06 सितम्बर को 13425 मालदाटाउन-सूरत एक्सप्रेस। 08 सितम्बर को 13426 सूरत-मालदाटाउन एक्सप्रेस। 06 सितम्बर को 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस। 08 सितम्बर को 20821 पुणे-संतरागाछी एक्सप्रेस। 30 अगस्त से 2 सितम्बर तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।

## पेज एक के शेष

### ट्रंप बोले- यूक्रेन के लिए यूरोपीय...
जल्दबाजी में यह बैठक बुलाई गई। ट्रंप ने जेलेंस्की, पुतिन और ट्रंप के बीच संभावित त्रिपक्षीय वार्ता का जिक्र करते हुए कहा, अगर आज सब ठीक रहा तो हम त्रिपक्षीय वार्ता करेंगे। हम रूस के साथ काम करेंगे, हम यूक्रेन के साथ काम करेंगे। जेलेंस्की ने भी त्रिपक्षीय वार्ता के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद दोनों नेता यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब और नाटो महासचिव मार्क रूट से मिलेंगे।

### नकली शराब सप्लाई करने वाली...
पॉवर उपलब्ध कराने के साथ शराब आपूर्ति करने का काम करती है। आबकारी विभाग के अफसरों ने दो माह पूर्व लालपुर शराब दुकान में दो सौ पेटी से ज्यादा नकली शराब जब्त की थी। इस पूरे मामले को लेकर आबकारी विभाग के अफसर ने दोषियों के खिलाफ टिकरापारा थाना में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

**पूर्व में भारी मात्रा में नकली होलोग्राम की जब्ती** : नकली शराब पकड़े जाने के पूर्व पुलिस ने आमानाका थाना क्षेत्र के एक ढाबा में छापे की कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली होलोग्राम जब्त किया था। इसके बाद आबकारी विभाग की टीम ने भी अभनपुर क्षेत्र में नकली होलोग्राम लगी मिलावटी शराब जब्त की थी। आशंका जताई जा रही है, उन्हीं नकली होलोग्राम रैकेट के साथ मिलकर वीआईएस कंपनी से जुड़े लोगों के संबंध हो सकते हैं।

**इन कंपनियों पर भी जुर्माना** : आबकारी विभाग के अफसरों ने वीआईएस कंपनी के अलावा शराब आपूर्ति करने वाली कंपनी मेसर्स कॉल मी सर्विसेस, मेसर्स सिक्योर्ड सिक्योरिटी साल्यूसंस, मेसर्स ईगल हंटर, मेसर्स कैप्सटन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 50-50 हजार रुपए तथा मेसर्स रक्षक सिक्योरिटी के खिलाफ एक लाख, मेसर्स एसआईएस प्राइवेट लिमिटेड साढ़े चार लाख रुपए जुर्माना ठोका है। इन सभी पर जुर्माने की कार्रवाई नान पैड शराब बेचे जाने, कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं करने पर की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-अगर यात्री घंटों...
द्वारा दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए की। याचिका में त्रिशूर के पलियेक्कारा टोल प्लाजा पर टोल संग्रह पर रोक लगाने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। सीजेआई ने कहा, अगर किसी व्यक्ति को सड़क के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने में 12 घंटे लगते हैं, तो उसे 150 रुपए क्यों देने चाहिए? जिस सड़क पर एक घंटे का समय लगने की उम्मीद है, उसमें 11 घंटे और लगते हैं और उन्हें टोल भी देना पड़ता है। सुनवाई के दौरान पीठ को सप्ताहांत में इस मार्ग पर लगभग 12 घंटे तक यातायात जाम रहने की जानकारी दी गई। उच्च न्यायालय ने छह अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग 544 के एडापल्ली-मन्नुथी खंड की खराब स्थिति और निर्माण कार्यों के कारण उत्पन्न गंभीर यातायात जाम के आधार पर टोल निलंबन का आदेश दिया था। एनएचएआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और टोल वसूल करने का अधिकार रखने वाली कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा, 'हम हर पहलू पर विचार करेंगे, आदेश सुरक्षित रखेंगे। न्यायमूर्ति चंद्रन ने कहा कि जिस दुर्घटना के कारण यह सड़क अवरुद्ध हुई, वह महज 'दैवीय कृत्य' नहीं था, जैसा कि मेहता ने तर्क दिया, बल्कि एक ट्रक के गड्ढे में गिर जाने के कारण हुई थी। मेहता ने कहा कि जहां अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा था, वहां एनएचएआई ने सर्विस रोड उपलब्ध कराई थी, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि मानसून की बारिश ने निर्माण कार्य की गति धीमी कर दी है। उन्होंने एक उदाहरण भी दिया जिसमें टोल को निलंबित करने के बजाय आनुपातिक रूप से कम करने का सुझाव दिया गया था। वहीं, गुरुवायूर इंफ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि उसने 60 किलोमीटर का क्षेत्र अपने नियंत्रण में रखा है और उसने सर्विस रोड की रुकावटों के लिए 'पीएसजी इंजीनियरिंग' सहित तीसरे पक्ष के ठेकेदारों को दोषी ठहराया।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
**नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)**
Pho. no. 0771-2535780,90, Fax. 07717222395,
E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 1215/ भ.नि.अ.प्र./ न.पा.नि./2025 रायपुर दिनांक 13.08.2025

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मुरलीधर केवलानी पिता श्री दीपचंद केवलानी, शिवा होम्स, गीतांजली कालोनी सेक्टर-3, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61, स्थित भूमि खसरा क्र. 118, 119 रकबा 0.397 हेक्टेयर, ख.क्र. 120/1 रकबा 0.196 हेक्टेयर, ख.क्र. 120/4 रकबा 0.089 हेक्टेयर, ख.क्र. 121/1 रकबा 0.279 हेकटेयर, ख.क्र. 122/3 रकबा 0.198 हेक्टेयर, ख.क्र. 122/4 रकबा 0.197 हेक्टेयर कुल रकबा 1.353 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय (भूखण्डीय) कालोनी में विकास कार्य प्रारम्भ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति (संशोधित) जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गये भूखण्ड का विवरण आम लोगो की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है-

**(अ) बंधक भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्र. | संख्या | कुल रकबा बंधक फ्लैट |
|---|---|---|---|
| 1 | 16 A | 01 | 116.17 Sqm. |
| योग | | 01 | 116.17 Sqm. |

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्ड को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं; इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्ड को क्रय न किया जावें।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय कलेक्टर, जिला मोहला मानपुर-अम्बागढ़ चौकी**
**( आदिवासी विकास शाखा)**

क्र./1178 /निर्माण शाखा/लघु निर्माण/2025-26 मोहला, दिनांक - 14/08/2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्रमांक - 01 /2025 दिनांक 14/08/2025

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मोहला - मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के अन्तर्गत विभागीय छात्रावास/आश्रमों में अनुरक्षण / जीर्णोद्धार कार्यों के क्रियान्वयन हेतु लोक निर्माण विभाग में जीवित पंजीयनयुक्त पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदार (Contractor) से लोक निर्माण विभाग के एस. ओ. आर दर जो दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण कार्य हेतु दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची निविदा आमंत्रण तिथि तक संशोधित दर अनुसूची पर निविदा प्रपत्र "अ" में प्रतिशत के आधार पर दर निम्नांकित कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं पंजीकृत डाक से दो लिफाफा पद्धति के द्वारा निविदा निःशर्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा जिला मोहला - मानपुर - अम्बागढ़ चौकी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन मय शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि - दि. 27.08.2025 अप. 03.00
2. निविदा प्रपत्र वितरण की अंतिम तिथि - दि. 29.08.2025 सांय 05.00 बजे
3. पंजीकृत डाक से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दि. 11.09.2025 सांय 05.00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि - दि. 12.09.2025 दोपहर 12.00

| क्र. | कार्य का विवरण | जिला | कुल कार्यों की संख्या | कुल कार्य की लागत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला मोहला मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के अंतर्गत संचालित विभागीय छात्रावास/आश्रम भवनों में अनुरक्षण / लघु निर्माण कार्य वर्ष 2025-26 | मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ | 24 | 99.48 लाख |

**टीपः**- निविदा की शर्तें एवं कार्यों से संबंधित समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास,
मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

G-252602855/2



**कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// विज्ञापन //**

होमगार्ड विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में 1715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास ड्यूटी हेतु तथा 500 महिला एवं पुरूष नगर सैनिक जनरल ड्यूटी हेतु भर्ती कार्यवाही का परिणाम दिनांक 08.08.25 को विभागीय वेबसाइट http://www.cghgcd.gov.in एवं https://firenoc.cg.gov.in में अपलोड किया गया है।

जिला सेनानी
एवं अग्निशमन अधिकारी नगर सेना, राजनांदगॉव

G-252602845/2



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमंडल सं0–2, राँची**

**शुद्धि –पत्र**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का निविदा संख्या–05/2025-26/EE/BCD/DIV-2,RANCHI जिसका P.R. No. 359614 Building (25-26):D है जिसमें UCAN Registration Mandatory को विलोपित किया जाता है।

शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 359721 (Building)25-26*D



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 28/08/2025

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 143/2025-26 दिनांक 14/08/2025 | 173759 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत जगदलपुर से चित्रकोट मार्ग के कि.मी. 23 से 30 = 8.00 कि.मी. पर बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 20.00 |
| 2 | 144/2025-26 दिनांक 14/08/2025 | 173761 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग दरभा के अंतर्गत जगदलपुर मुरमा काकरवाड़ा बिरनपाल मावलीपदर कामानार मार्ग (एम.डी.आर. 546) कि.मी. 13/5 से 22 /10 = 8.50 कि.मी. पर बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 20.00 |
| 3 | 145/2025-26 दिनांक 14/08/2025 | 173762 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग बस्तर के अंतर्गत भानपुरी मुण्डागाँव नारायणपाल मार्ग कि.मी. 01 से 08 और कि.मी. 09 से 12, 21, 22 = 14.00 कि.मी. पर बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 40.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-252602840/1



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी / जलाऊ काष्ठ को निम्नलिखित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में आवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम -काष्ठागार वाड्रफनगर
नीलाम दिनांक - 29.08.2025, समय- प्रातः 09:30 बजे से

| क्र. | वनोपज का विवरण | नया काष्ठ | | पुरना काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| A | इमारती काष्ठ | | | | |
| 1 | सागौन | 36.435 | 215 | 167.877 | 784 |
| 2 | साल | 150.000 | - | 1498.076 | 192 |
| 3 | साजा | - | - | 32.775 | - |
| 4 | तिन्सा | - | - | - | - |
| 5 | बीजा, शीशम, खम्हार | 0.500 | - | 7.307 | 755 |
| 6 | हल्दु, मुडी, बांसा | 1.000 | - | 6.254 | 2 |
| 7 | धावडा | - | - | - | - |
| 8 | अन्य, नीलगिरी | 3.500 | 5 | - | 181 |
| 9 | सलया | - | - | - | - |
| 10 | सेमल | - | - | 1.819 | - |
| 11 | खैर काष्ठ | 15.000 | - | 5.289 | - |
| योगः- | | 206.435 | 220 | 1719.397 | 1914 |
| क्र. | प्रजाति विवरण | | | | |
| जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी. X 1.25 X 0.80 मी. | | 200 चट्टा | | 522 चट्टा | |

**टीप :-** टीपः- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कोमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर

G-252602864/4



**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**Public Works Division, Ahilyanagar**
**Phone No. 0214/2325334 & 0241/2325086**

**E-TENDER NOTICE NO.18 FOR 2025-26 (Online)**
e-mail- abilyanagar.ee@mahapwd.gov.in

online E-Tenders in B-1 Form for the following works invited by Executive Engineer Public Works Division, Ahilyanagar (Phone No. 0241-2325334/2325086) From the Competent and Interested contractors (Not Necessary Registered with P.W.D.) If Global Company having its Branch/Sub Company in Indian they can Participate in Tender.

Superintending Engineer, Public Works Circle, Ahilyanagar who reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason there fore.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Amount in Lakhs | Estimated Amount in Words |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bridge on Vadzire Parner Supa Sarola Walki Kaudgaon Road (SH-69) at Km 58/600, Tal. Dist. Ahilyanagar | Rs.483.00 Lakhs | Rs. Four Crore Eighty Three Lakhs only |
| 2 | Improvements to Nimbodi Darewadi Narayandoh Ukkadgaon Mandva Road (MDR-167) Km. 3/00 to 6/500, Tal. Nagar. Dist. Ahilyanagar | Rs.566.00 Lakhs | Rs.Five Crore Sixty Six Lakhs only |

Tender sale start Date - 19/08/2025 to 26/08/2025, Tender Opening Dt.28/08/2024,
Pre-Bid Meeting, Dt.22/08/2025 at 12.30 Hrs. In the Office of Chief Engineer, P.W.Region Office, Nashik
**The details of works are provided on the websites as below.**
1. www.mahapwd.com.
2. https://mahatenders.gov.in

sd/-
**Executive Engineer,**
**Public Work Division**
**Ahilyanagar**

DGIPR 2025-26/2155


## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5962




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2


**शब्द पहेली - 5961 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5972



**सूडोकू नवताल - 5971 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# देश का मिडिल क्लास हो रहा कंगाल, नौकरी और कमाई में आई गिरावट : मुखर्जी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्या देश का मिडिल क्लास कंगाल हो रहा है? एक एक्सपर्ट के मुताबिक कुछ आंकड़ों को देखें तो यही तस्वीर सामने आती है। एक्सपर्ट ने बताया है कि ऐसे कई कारण है जिनके चलते भारत के मध्यम वर्ग के लोगों के पास पैसे की कमी हो रही है। एक्सपर्ट के मुताबिक देश में आर्थिक सुस्ती दिख रही है। खपत, जो जीडीपी का 60 फीसदी है, वह 2021-23 के 'बदला लेने वाली खर्च' के बाद से कम हो गई है। चूंकि मध्यम वर्ग के पास पैसे की कमी है, इस कारण भारत की कंपनियों का मुनाफा गिर रहा है। मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के फाउंडर सौरभ मुखर्जी के एक ब्लॉग के हवाले से लिखा है कि सफेदपोश नौकरियों का कम होना, वास्तविक वेतन का घटना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ना मध्यम वर्ग को कमजोर कर रहा है। मध्यम वर्ग ही भारत की तरक्की की कहानी को आगे बढ़ाता है।

### नौकरियों में कमी

नौकरियां एक अलग कहानी बताती हैं। साल 2020 से पहले के दस सालों में सफेदपोश नौकरियां हर छह साल में दोगुनी हो जाती थीं। वित्त वर्ष 2020 के बाद से यह विकास घटकर सिर्फ 3 प्रतिशत प्रति वर्ष हो गया है। इसका मतलब है कि अब नौकरियों को दोगुना होने में 24 साल लगेंगे।

## मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के फाउंडर सौरभ ने अपने ब्लॉग में लिखा

### मध्यम वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसे खत्म

मुखर्जी बताते हैं कि दिवाली 2023 के बाद से भारतीय कंपनियों की कमाई में कमी आई है। इसकी वजह है मध्यम वर्ग का खर्च कम होना। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 2024 में घरेलू बचत जीडीपी का सबसे कम हिस्सा रही। यह 50 साल में सबसे कम है। ऐसा 1977 में हुआ था। उन्होंने लिखा है, 'होली 2024 तक मिडिल क्लास के पास खर्च करने के लिए पैसे खत्म हो गए थे।'



### दिख रही आर्थिक सुस्ती

मुखर्जी ने लिखा है कि आर्थिक सुस्ती हर जगह दिख रही है। खपत, जो जीडीपी का 60 फीसदी है, वह 2021-23 के बाद से कम हो गई है। पहले एसयूवी, घर और यात्रा की मांग बहुत बढ़ गई थी। अब यह मांग कम हो रही है। कंपनियों की कमाई भी इसी तरह से कम हुई है। वित्तीय वर्ष 2025 में निफ्टी कंपनियों की कमाई में बहुत बड़ी गिरावट आई है।

## खबर संक्षेप



### सेबी के पास आने वाली अपीलों की निपटान संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास निपटान अपीलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। बाजार नियामक को 2024-25 में प्रतिभूति मानदंडों के उल्लंघन के निपटान के लिए 703 आवेदन प्राप्त हुए। यह दर्शाता है कि लंबी मुकदमेबाजी प्रक्रियाओं के बिना विवादों को सुलझाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में, नियामक को 434 निपटान याचिकाएं प्राप्त हुई थीं। सेबी की 2024-25 वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में इन 703 निपटान आवेदनों में से, नियामक ने साल के दौरान उचित निपटान आदेश पारित करके 284 का निपटारा कर दिया।

### एक से डेढ़ साल में सूचीबद्ध होगा क्लासिक लीजेंड्स

**मुंबई।** महिंद्रा समूह समर्थित क्लासिक लीजेंड्स अगले एक से डेढ़ साल में सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध हो सकती है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा है कि क्लासिक लीजेंड्स की सूचीबद्धता वास्तविकता है और यह 12 से 18 माह में संभव हो सकता है। कंपनी येज्दी, जावा और बीएसए जैसे चर्चित ब्रांड बनाती है। थरेजा ने बताया कि कंपनी का ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र है।

### नॉलेज रियल्टी चार प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सत्व समूह एवं ब्लैकस्टोन समर्थित नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट के यूनिट 100 रुपये के अपने निर्गम मूल्य के




मुकाबले चार प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर इसने 104 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से चार प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ 103 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 47,328.35 करोड़ रुपये रहा।

# जीएसटी में कटौती से बढ़ेगी एसी की मांग, कीमतें 2,500 रुपए तक घटेंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयर कंडीशनर (एसी) पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने के सरकार के प्रस्ताव से उपकरण विनिर्माताओं को आगामी त्योहारों के दौरान अच्छी बिक्री की उम्मीद है। इससे विभिन्न मॉडल के आधार पर एयर कंडीशनर (एसी) की कीमतें 1,500 रुपये से 2,500 रुपये तक कम हो जाएंगी। सरकार द्वारा हाल ही में आयकर में कटौती और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में संशोधन के बाद कीमतों में यह कटौती होने जा रही है। अब इस कदम से न केवल एसी तक लोगों की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि 'प्रीमियम एसी' की मांग भी बढ़ेगी जहां लोग लागत लाभ के कारण ऊर्जा-कुशल मॉडल खरीदेंगे। इसके अलावा, इससे 32 इंच से अधिक के टीवी स्क्रीन पर जीएसटी स्लैब को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने में भी मदद मिलेगी।


## उपकरण विनिर्माताओं को आगामी त्योहारों में अच्छी बिक्री की उम्मीद

### अब फैसले के लागू होने का इंतजार

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी. त्यागराजन ने इसे एक "शानदार कदम" बताते हुए सरकार से इन बदलावों को शीघ्र लागू करने का आग्रह किया क्योंकि लोग रूम एयर कंडीशनर (आरएएसी) की खरीद से पहले अब इस फैसले के लागू होने का इंतजार कर रहे हैं।

### कटौती से उपभोग को बढ़ावा मिलेगा

शर्मा ने कहा कि इससे मॉडल के आधार पर अंतिम उपभोक्ता के लिए एसी की कीमत में 1,500 से 2,500 रुपये तक की कमी आएगी।



### 32 इंच का टीवी पांच फीसदी के दायरे में लाए

मारवाह ने हालांकि साथ ही सुझाव दिया कि सरकार को 32 इंच के स्मार्ट टीवी को पांच प्रतिशत के दायरे में लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जो एक बड़ा बदलाव होगा क्योंकि इस खंड में 38 प्रतिशत हिस्सा असंगठित क्षेत्र से आता है।

### एसी की पहुंच 10 फीसदी के निचले स्तर पर

गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के व्यापार प्रमुख कमल नंदी ने कहा, भारत में एसी की पहुंच अब भी नौ से 10 प्रतिशत के निचले स्तर पर है। इसलिए, एसी पर जीएसटी को 28 से घटाकर 18 प्रतिशत करने से इसे आम लोगों के लिए इसे अधिक किफायती बनाने और कई भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिल सकती है।"

**सोना स्थिर, चांदी 1,000 रुपए चढ़ी :** नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,01,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव के मुकाबले 500 रुपये की गिरावट के साथ 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को सर्राफा बाजार बंद रहे।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/o THE SUPERINTENDING ENGINEER, CC-I, RAIPUR Phone No. 0771-2574800, 2574801Fax No. 0771-2574805
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

Awarding contract for Hiring of Light Commercial Vehicle (Pickup - 207) or Equivalent (1.7 to 2.2 Ton Capacity) for TSG work under **EE STM-I City Dn. CSPDCL Raipur.** Vehicle should be commercial tax paid, vehicle capacity 1.7 to 2.2 ton pick-up/ utility vehicle. All running expenditure of vehicle will be borne by contractor. The contract work will be as per guidelines of CSPDCL. The pick-up 1.7 to 2.2 ton vehicle is not older than 03 years having total run not exceeding 100000 km. will be hired for a period of 03 years. Normally the period of contract will be Three year on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further 01 years at the same rate, terms & condition on mutual understanding between CSPDCL & contractor. GST will be paid Extra on roduction of actual document evidence.

| S. | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | EMD Amount (online) | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2025_50 Dt.18.08.2025 RFX NO. 8100045681 | Awarding contract for Hiring of Light Commercial Vehicle (Pickup-207) or Equivalent (1.7 to 2.2 Ton Capacity) for TSG Work Breakdown under **EE STM-I City Dn. CSPDCL Raipur.** | 1576800/- | 15768/- | Dt. 08.09.2025 upto 02:30 PM | Dt. 08.09.2025 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above.The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

SAVE ELECTRICITY

**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

# जीएसटी सुधारों की घोषणा से शेयर बाजार में रौनक

## सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 245 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिवाली तक जीएसटी कर स्लैब में बड़े सुधार किए जाने की घोषणा से वाहन एवं टिकाऊ उपभोक्ता कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही। सेंसेक्स 676 अंक और निफ्टी 246 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 676.09 अंक यानी 0.84 प्रतिशत बढ़कर 81,273.75 अंक पर बंद हुआ।



कारोबार के दौरान एक समय यह 1,168.11 अंक चढ़कर 81,765.77 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 245.65 अंक यानी एक प्रतिशत चढ़कर 24,876.95 अंक पर बंद हुआ।

### शिखर बैठक भी मददगार साबित हुई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव आने से घरेलू बाजार की धारणा बेहतर हुई। इसके अलावा अमेरिका-रूस की शिखर बैठक से कोई नया वैश्विक तनाव न पैदा होना भी बाजार के लिए मददगार साबित हुआ।"







# बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.2% पर आई

**नई दिल्ली।** देश में बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई जबकि जून में यह 5.6 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह आंकड़े सामने आए हैं।

मई में भी बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही।पुरुषों में बेरोजगारी की दर थोड़ी अधिक 5.3 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह 5.1 प्रतिशत थी। जुलाई में शहरी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर 7.2 प्रतिशत हो गई जो जून में 7.1 प्रतिशत थी।

## बिजनेस साइट

# श्री नारायणा हॉस्पिटल में एआई नेविगेशन युक्त 'स्पाइन ओ-आर्म' मशीन का शुभारंभ आज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में सेंट्रल इंडिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्पाइन ओ-आर्म नेविगेशन मशीन का शुभारंभ आज होने जा रहा है। इस अत्याधुनिक मशीन का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करकमलों से किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्य के कई प्रमुख नेता और जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिनमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल रहेंगे।

■ सीएम साय करेंगे उद्घाटन

### स्पाइन से जुड़ी जटिल सर्जरी अब और भी ज्यादा सटीक और सुरक्षित

हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने जानकारी दी कि यह मशीन मध्य भारत की पहली ऐसी तकनीक है जो स्पाइन सर्जरी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। इस मशीन की मदद से रीढ़ की हड्डी से जुड़ी जटिल सर्जरी अब और भी ज्यादा सटीक, सुरक्षित और कम समय में संभव हो सकेगी। डॉ. खेमका ने बताया, छत्तीसगढ़ में इस मशीन की स्थापना से प्रदेश के हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा, जिन्हें अब उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।



# सैंटोस की करारी हार, बीच मैदान पर फूट-फूटकर रोए स्टार फुटबॉलर नेमार

## सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी मैच में वास्को दा गामा के हाथों झेलनी पड़ी 0-6 से हार

एजेंसी ▶▶ ब्राजील

स्टार फुटबॉलर नेमार को अपने कॅरियर की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी, जिसके बाद वो टूट गए। इस दौरान वह फूट-फूटकर रोते दिखे। सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी ए मैच में वास्को दा गामा के हाथों 0-6 से हार झेलनी पड़ी। दूसरे हाफ में 6 में से 5 गोल दागे जाने के बाद सदमे में डूबे नेमार फुल टाइम के बाद रोते दिखे।



### मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराशः नेमार

इस दौरान नेमार ने कहा कि, मुझे शर्म आ रही है। मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराश हूं। फैंस को विरोध करने का पूरा अधिकार है जाहिर है बिना हिंसा के, लेकिन अगर वे गाली देना और अपमान करना चाहते हैं तो उन्हें पूरा हक है। नेमार ने आगे कहा कि, ये बेहद शर्मिंदगी का एहसास है। मैंने जिंदगी में ऐसा पहले कभी नहीं देखा। बदकिस्मती से ऐसा हुआ। आंसू गुस्से से थे। बदकिस्मती से मैं किसी भी तरह से मदद नहीं कर सकता। खैर ये पूरी तरह से बकवास था। यही सच्चाई है। जले पर नमक छिड़कते हुए नेमार को इस सत्र का तीसरा येलो कार्ड भी मिला। इससे वह बहिया के खिलाफ अगले मैच से बाहर हो गए।

## पीएसजी ने जीत के साथ किया अभियान शुरू



पेरिस। चैंपियंस लीग की चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग 1 के अपने शुरुआती मैच में नैनटेस पर 1-0 की जीत दर्ज करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में खिताब बचाने का अपना अभियान शुरू किया। पीएसजी की टीम इस मैच में लय में नहीं दिखी। मैच का एकमात्र गोल पुर्तगाल के मिडफील्डर विटिना ने 67वें मिनट में किया। उन्होंने लगभग 20 मीटर दूर से गेंद ली और डिफेंडर चिदोजी अवाजिएम को छकाकर गोल किया। कोच लुइस एनरिक की टीम के लिए यह गोल काफी साबित हुआ, जो एक बार फिर गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के बिना खेल रही थी। एक अन्य मैच अनुभवी स्ट्राइकर ओलिवियर गिरौड को लीग 1 में वापसी करने पर गोल करने में केवल 11 मिनट लगे, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि उनकी नई टीम लिली ने ब्रेस्ट के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला।

## स्पेनिश लीग : एटलेटिको मैड्रिड ने पहली बार अपना मैच गंवाया

मैड्रिड। कई नए खिलाड़ियों के साथ खेल रही एटलेटिको मैड्रिड की स्पेनिश फुटबॉल लीग में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 16 साल में पहली बार ला लिगा के अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। एटलेटिको ने शुरुआत में बढ़त हासिल की लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया और उसे एस्पेनयोल ने 2-1 से हरा दिया। यह 2009 के बाद पहला अवसर है जबकि एटलेटिको को स्पेनिश लीग के शुरुआती मैच में पराजय झेलनी पड़ी। एटलेटिको ने 37वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के फ्री किक से बढ़त बना ली, लेकिन 73वें मिनट में मिगुएल रुबियो और 84वें मिनट में पेरे मिल्ला के गोल के कारण उसे हार का मुंह देखना पड़ा। एक अन्य मैच में गेटाफे ने सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीम की तरफ से एड्रियन लिसो और क्रिस्टेनस उचे ने दूसरे हाफ में गोल किए।

## खबर संक्षेप



### डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज की पुरानी दिल्ली 6 पर बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** सुमित कुमार बेनीवाल के पांच विकेट की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में पुरानी दिल्ली 6 पर 46 रन से शानदार जीत दर्ज की। रविवार को खेले गए इस मैच में 185 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की टीम 18.3 ओवर में 138 रन पर ढेर हो गई। बेनीवाल ने चार ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए। अभिषेक खंडेलवाल ने 31 रन देकर चार विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया।

### तीरंदाजी प्रीमियर लीग में भाग लेंगे शीर्ष खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा सहित भारत के शीर्ष तीरंदाज पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) में भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ ने यह जानकारी दी। यह प्रतियोगिता अक्टूबर में यहां यमुना खेल परिसर में 11 दिन तक आयोजित की जाएगी। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा दुनिया भर के प्रमुख रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज हिस्सा लेंगे। इनमें कई चोटी के खिलाड़ी शामिल हैं, जिनके नाम की घोषणा बाद में की जाएगी।

### अहमदाबाद मैराथन 30 नवंबर को

**अहमदाबाद।** 'रन फॉर आवर सोल्जर्स (हमारी सेना के सम्मान में दौड़)' के थीम के साथ अहमदाबाद मैराथन के नौवें सत्र का आयोजन 30 नवंबर को यहां के साबरमती रिवरफ्रंट पर होगा। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें चार दौड़ श्रेणियां होंगी। इसमें मैराथन, हाफ-मैराथन, 10 किमी की दौड़ और पांच किमी की दौड़ शामिल है।

## टीम का चयन आज, 30 खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में आने के लिए तैयार

# एशिया कप 2025: गिल का फॉर्म बना चयनकर्ताओं की सबसे बड़ी उलझन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए 9 से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं।

### बल्लेबाजी में समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर

बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन (आईपीएल सर्वाधिक रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप विजेता) को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता।



### गेंदबाजी में यादव, चक्रवर्ती और बिश्नोई में टक्कर

गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा। दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारुपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है, जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है। इस मामले में गिल सभी हितधारकों के लिए एक स्पष्ट विकल्प हैं।

### सुंदर को मिल सकती है जगह

वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला दो अक्टूबर से शुरू होगी इसलिए समझा जा रहा है कि अपेक्षाकृत कमजोर मेहमान टीम के खिलाफ बुमराह की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि प्रसिद्ध और सिराज तरोताजा और खेलने के लिए तैयार होंगे। स्पिन विभाग में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव पहली तीन पसंद हैं। गौतम गंभीर ऑलराउंडर को प्राथमिकता देते हैं और ऐसे में वॉशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है।

### पंड्या फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज

अगर तेज गेंदबाजी विभाग की बात करें तो हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन फ्रंटलाइन



तेज गेंदबाज हैं और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह का टीम में होना स्वाभाविक है, ऐसे में रिजर्व तेज गेंदबाज के स्थान के लिए तीन विकल्प हैं। इस स्थान के लिए हर्षित राणा पसंदीदा दिख रहे हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज दोनों को लाल गेंद का विशेषज्ञ माना जा रहा है।

### यादव के नेतृत्व में टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत

सूर्यकुमार यादव के कुशल नेतृत्व में भारतीय टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत का है और उसने अपने पिछले 20 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है। इनमें से किसी भी मैच में गिल और जायसवाल शामिल नहीं थे। पिछले एक साल में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने से पहले गिल और जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे और उन्होंने आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। गिल दरअसल सूर्य कुमार के साथ उप कप्तान थे लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया था। चयनकर्ता अगर गिल को 15 खिलाड़ियों में चुनते हैं तो उन्हें फिर अंतिम एकादश में भी रखना होगा, जिसका मतलब है कि संजू, अभिषेक या तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान से समझौता करना होगा।

## दलीप ट्रॉफी

# आकाश दीप, ईशान बाहर ईश्वरन करेंगे अगुवाई





एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन चोट से उबरने के कारण उत्तर क्षेत्र के खिलाफ होने वाले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगे। किशन टीम के कप्तान भी थे। भारतीय घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के मैदानों में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के हालिया दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच खेलने वाले आकाश दीप कमर की चोट से अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। 28 वर्षीय इस गेंदबाज की जगह बिहार के मुख्तार हुसैन को पूर्व क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट सहित श्रृंखला में 13 विकेट लेने वाले बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश ने क्षेत्रीय चयन समिति को बताया है कि चिकित्सीय सलाह के अनुसार वह इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। इस बीच किशन भी हाथ की चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

## एशिया कप हॉकी

# पाकिस्तान की जगह ले सकती है बांग्लादेश की हॉकी टीम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान अगर 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भाग नहीं लेता है तो उसकी जगह बांग्लादेश को शामिल किया जा सकता है।

हॉकी इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह एशिया कप के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा उपलब्ध कराएगी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए यात्रा करने से इनकार कर दिया है। आयोजकों ने आठ टीमों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह भरने के लिए बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया ने कहा कि अगले 48 घंटों में वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा, 'भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने को तैयार है, लेकिन अगर वे भारत नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है।

## डूरंड सेमीफाइनल : नॉर्थईस्ट यूनाइटेड का मुकाबला शिलांग लाजोंग एफसी से

एजेंसी ▶▶ शिलांग

गत चैंपियन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना डूरंड कप फुटबॉल के पहले सेमीफाइनल में शिलांग लाजोंग एफसी से मंगलवार को होगा। विजेता का सामना 23 अगस्त को कोलकाता में विवेकानंद युवा भारतीय क्रीडांगन में होने वाले फाइनल में ईस्ट बंगाल या डायमंड हार्बर एफसी से होगा।

पिछले साल फाइनल में शिलांग को 3- 0 से हराने वाली नॉर्थईस्ट ने ग्रुप चरण में लाजोंग को 2-1 से हराया था । उसने इस बार क्वार्टर फाइनल में बोडोलैंड एफसी को 4-0 से मात दी। नॉर्थईस्ट के कप्तान माइकल जबाको ने कहा



,'हमने अपना शत प्रतिशत दिया है और कल भी ऐसा ही करेंगे। दबाव हमेशा रहता है लेकिन हमें पता है कि उससे कैसे निपटना है।' लाजोंग ने क्वार्टर फाइनल में भारतीय नौसेना एफटी को 2-1 से मात दी थी।

## विजेता टीम को मिलेगा 10 लाख डॉलर का ईनाम

# अमेरिकी ओपन : सिनर को डबल खेलने के लिए मिली नई जोड़ीदार

## मिश्रित युगल में अल्काराज और राडुकानू का सामना नंबर एक जोड़ी से

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

यानिक सिनर को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में खेलने के लिए नया जोड़ीदार मिल गया है जबकि एम्मा राडुकानू और कार्लोस अल्काराज की जोड़ी पहले दौर में नंबर एक वरीयता प्राप्त टीम का सामना करेगी।

अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होगा, जिसमें 16 टीम भाग लेंगी। इसके लिए ड्रॉ रविवार को डाले गए। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। शीर्ष वरीयता



प्राप्त सिनर अब 10 बार की महिला युगल प्रमुख चैंपियन कैटरीना सिनियाकोवा के साथ जोड़ी बनाएंगे। उन्हें एम्मा नवारो के साथ जोड़ी बनानी थी लेकिन अगले सप्ताह मैक्सिको के मॉन्टेरी में होने वाले महिला टूर्नामेंट में खेलने के लिए उन्होंने नाम वापस ले लिया।

## पोर्टलैंड क्लासिक

### अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टूर में रहीं छठे स्थान पर

**पोर्टलैंड (ओरेगन)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक आखिरी दौर में पांच अंडर 67 के शानदार कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में छठे स्थान पर रही। अदिति का यह मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह इस सत्र में सिर्फ दूसरा मौका है जब वह शीर्ष 10 में रही है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) था। अदिति ने चार दौर में 69-70-65-67 के कार्ड के साथ कुल 17 अंडर का स्कोर बनाया।



उन्होंने आखिरी दौर में दो बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाए। जापान की अकेई इवाई छह अंडर 64 का कार्ड खेलने के बाद चार शॉट से बड़ी जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 24 अंडर का रहा। भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर (65-68-70-65) ने आखिरी दौर में सात अंडर के कार्ड के साथ कुल 20 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

## डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप

### अहलावत ने खेला 72 का कार्ड




**कोपनहेगन।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर के डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप के आखिरी दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद 34वें स्थान पर रहे। अहलावत ने डेनमार्क के फ्युरेसॉ गोल्फ क्लब में अपने आखिरी दौर में तीन बर्डी और चार बोगी लगाए। उनका कुल स्कोर एक अंडर (73-68-70-72) रहा। वह इस प्रदर्शन से 'रेस टू दुबई' रैंकिंग में 139वें से 136 स्थान पर पहुंच गए। इस तालिका में शीर्ष 113 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को 'कैटेगरी 10 कार्ड' मिलेगा, जिससे वे अगले सत्र में इस टूर के ज्यादातर टूर्नामेंटों में हिस्सा ले पाएंगे।

## एलआईवी गोल्फ स्पर्धा

### लाहिड़ी ने प्ले ऑफ में दर्ज की शानदार जीत

**वेस्टफील्ड।** अनिर्बान लाहिड़ी ने दो अंडर 69 के कार्ड के साथ इंडियानापोलिस में एलआईवी गोल्फ स्पर्धा में अपने अभियान का अंत संयुक्त 27वें स्थान के साथ किया। वह इस तरह वह एलआईवी गोल्फ लीग की व्यक्तिगत सत्र रैंकिंग में 25वें स्थान रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर 10 अंडर (67-67-69) रहा। सेबेस्टियन मुनोज ने जॉन रहम के साथ 22 अंडर पार के स्कोर के साथ शीर्ष पर बराबरी करने के बाद प्ले ऑफ में जीत दर्ज की। रहम हालांकि सत्र की तालिका में लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर रहे। लाहिड़ी का सत्र का 25वां स्थान 'लॉक जोन' से एक स्थान नीचे है। 'लॉक जोन' 2026 में खेलने के लिए खिलाड़ियों का स्थान सुनिश्चित करता है। लाहिड़ी अब 'ओपन जोन' में हैं, जिसके तहत उनकी टीम 'क्रशर्स' उन्हें अपने साथ बनाए रखने या रिलीज करने पर फैसला कर सकती है। लाहिड़ी ब्रायसन डीचैम्ब्यू के नेतृत्व वाले 'क्रशर्स' के एक महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं।



यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust
शाखा: बीआईटी दुर्ग, भिलाई- 491001 (छ.ग.)
फोन: (0788) 2216429, ईमेल: bitech@ucobank.co.in

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी / बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

**उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**

ऋणी / बंधककर्ता को विशिष्ट रुप से और सर्वसाधरण को सामान्य रुप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | ऋणी का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / कब्जा के प्रकार | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01<br>02 | ऋणी - श्रीमती भारती देशमुख पति स्व. श्री नीरज कुमार देशमुख<br>सुश्री वेनया देशमुख पिता स्व. नीरज कुमार देशमुख | आवासीय जमीन एवं भवन खसरा नं 190/12 (खसरा का भाग 190/3), प.ह.नं 19/23, वार्ड नं. 54, मौजा पोटियाकला, दुर्ग, तहसील/जिला दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल-1463.53 वर्गफीट सीमाबद्ध - उत्तर की ओर - रोड, दक्षिण की ओर - चन्दक का जमीन, पूर्व की ओर : खिलेश्वरी साहू की जमीन, पश्चिम की ओर- धर्मेंद्र देशमुख का जमीन | 25.04.2025<br>14/08/2025<br>सांकेतिक कब्जा | ₹ 41,10,095.00 + ब्याज देय और अन्य खर्च। |

दिनांक : 14.08.2025 स्थान : दुर्ग (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक




# अगर इंसान गायब हो जाएंगे तो परमाणु संयंत्रों और हथियारों का क्या होगा?

दुनिया के 9 देशों के पास परमाणु हथियार हैं कि पूरी दुनिया खत्म हो जाए। जब दुनिया ही खत्म हो जाएगी तो इंसान, मकान और दुकान कुछ भी नहीं बचेगा। लेकिन, जरा सोचिए अगर सिर्फ इंसान गायब हो जाएं तो धरती पर साक्षात मौत के मंजर यानी यमराज के रूप में मौजूद परमाणु संयंत्रों और हथियारों का क्या होगा। ऐसे कुछ और खुराफाती या दिमागी सवाल आपके दिमाग में भी कौंध सकते हैं, ऐसे में आइए ये जानने की कोशिश करते हैं कि इंसान धरती से गायब हो गए तो इन परमाणु संयंत्रों का क्या होगा?

**नई दिल्ली।** मशहूर वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था, 'परमाणु की उन्मुक्त शक्ति ने हमारी सोच को छोड़कर सब कुछ बदल दिया है, और इस प्रकार हम अभूतपूर्व आपदाओं की ओर बढ़ रहे हैं।' यानी अपनी मौत (1955) से पहले उन्हें ये आभाष हो गया था कि दुनिया तबाही की ओर तेजी से आगे बढ़ चुकी है। दरअसल, आइंस्टीन ने एक वैज्ञानिक होने के नाते दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 6 और 9 अगस्त, 1945 को जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर अमेरिका द्वारा बरसाए गए परमाणु बमों से हुई मौतों वाले नरसंहार को करीब से देखा था।



## पहली बड़ी परमाणु त्रासदी

परमाणु बम के हमले से इतर दुनिया ने 26 अप्रैल, 1986 को पहली बड़ी परमाणु आपदा देखी थी यह कोई और नहीं, बल्कि यूक्रेन में हुई चेरनोबिल आपदा थी। यह आपदा इतनी भयानक थी कि विकिरण को नियंत्रित करने में मदद के लिए 5 लाख से ज्यादा सोवियत सैनिकों को पूरी तैयारी के साथ वहां भेजा गया था। चेरनोबिल अपने समय के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में से एक था, जिसके मेंटिनेंस के लिए दुनियाभर के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियर तैनात रहते थे। हालांकि, आपदा हुई तो तमाम सावधानियों के बावजूद वहां से परमाणु रिसाव हुआ। अब सवाल उठता है कि अगर मनुष्यों की निगरानी के समीकरण को हटा दिया जाए, तो एक परमाणु रिएक्टर कितने समय तक ठीक से काम कर पाएगा?




## क्या कहता है विज्ञान?

परमाणु रिएक्टर मानवीय हस्तक्षेप के बिना लंबे समय तक चल सकते हैं, लेकिन इन्हें अभी तक ऐसा करने के लिए डिजाइन नहीं किया गया है। इनके मौजूदा स्वरूप की बात करें प्राकृतिक आपदा या बिजली गुल होने की स्थिति में या फिर ईंधन खत्म होने तक न्यूक्लियर रिएक्टर को स्थिर रखने के लिए बैकअप सिस्टम काम करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, अगर बैकअप पावर भी कम हो जाए, तो रिएक्टर अंततः गर्म हो जाएगा और या तो फट जाएगा या रिएक्टर कक्ष पिघल जाएगा।

**• रोचक खबरें**

# मां ने बेटी का पालतू घोड़ा शेरों को खिलाने के लिए चिड़ियाघर को दिया, मचा बवाल



**कोपेनहेगन।** डेनमार्क के एक चिड़ियाघर में कुछ ऐसा हुआ, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। दरअसल, आलबोर्ग जू ने लोगों से अपील की है कि वे अपने छोटे पालतू जानवर जैसे खरगोश, मुर्गियां, गिनी पिग या घोड़े अगर नहीं पाल सकते हैं, तो उन्हें चिड़ियाघर को दान कर दें। बता दें कि ये दान देखभाल केंद्र के लिए नहीं है, बल्कि इन जानवरों को वहां के मांसाहारी जानवरों का भोजन बनाने के लिए है। डेनमार्क में एक 44 वर्षीय महिला के फैसले ने सोशल मीडिया पर तीखी बहस छेड़ दी है। पर्निले सोहल नाम की इस महिला ने अपनी बेटी के 22 साल पुराने जर्मन राइडिंग घोड़े शिकागो 57 को आलबोर्ग जू को दान कर दिया, ताकि उसे मारकर शेरों को खिलाया जा सके।

**आलबोर्ग जू की पहल:** हाल ही में आलबोर्ग जू ने अनचाहे पालतू जानवरों जैसे मुर्गियां, खरगोश और गिनी पिग के दान की अपील की थी। उनका कहना है कि यह उनके शिकारियों के प्राकृतिक आहार का हिस्सा है, खासकर यूरोपियन लिंक्स जैसे जानवरों के लिए, जिन्हें जंगली शिकार जैसा संपूर्ण भोजन चाहिए होता है।

### चिड़ियाघर ऐसा क्यों कर रहा है?

पर्निले ने बताया कि वह गंभीर एक्जिमा और लगातार दर्द से पीड़ित था, जिससे उसकी जिंदगी बेहद कठिन हो गई थी.। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि यह फैसला बहुत नाटकीय और अजीब लग सकता है, लेकिन वैसे भी इन जानवरों को मारना ही था और इन्हें शिकारियों को दिया जाता है। पर्निले असेंस, डेनमार्क में एक छोटे फार्म का संचालन करती हैं, जहां मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे बच्चे घोड़ों के साथ समय बिताते हैं। उन्होंने इस फैसले के लिए कोई भुगतान नहीं लिया, लेकिन उन्हें टैक्स में छूट मिली।

# नासा और इसरो ने अंतरिक्ष में लगाया दुनिया का सबसे बड़ा एंटीना

**नई दिल्ली।** नासा और इसरो ने अंतरिक्ष में 39 फुट ऊंचा एंटीना लगाया है। यह एंटीना दुनिया का सबसे बड़ा रडार एंटीना है। यह एंटीना निसार मिशन का हिस्सा है और आपके बता दें कि इसे धरती की सतह का साफ तस्वीर लेने के लिए बनाया गया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह दिन हो या रात हर समय काम कर सकता है और यह बादलों के पार भी तस्वीरों को खींच सकता है। यह मिशन धरती से करीब 460 मील ऊपर रहकर अपने काम को अंजाम देगा। यह दुनियाभर के वैज्ञानिकों, नेताओं और आपदा राहत टीमों को जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं और साथ ही खेती संबंधी जानकारियों को इकट्ठा करने में बहुत ही मददगार होगा। इसी उपलब्धि की मदद से हम एक बेहतर दुनिया की कल्पना कर पाएंगे। इसरो और नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने मिलकर निसार सैटेलाइट को बनाया है और इसमें रेडार लगाए गए हैं , जो धरती की सतह पर होने वाले बदलावों के बारे में बताएंगे और हर चीजों को बारीकी से ट्रैक करेंगे। निसार की ये खासियत है कि इसे और दूसरे सैटेलाइट की तरह मौसम या फिर रोशनी की जरूरत नहीं पड़ती है और यह बिना किसी परेशानी के दिन हो या रात चलता रहता है। निसार लगातार भरोसेमंद डाटा को भेजता रहता है।



# जंगल में टहलने पर पूर्व सैनिक को 18 लाख का जुर्माना, सरकार का अजीब नियम

**ओटावा।** कनाडा के नोवा स्कोटिया प्रांत में एक अनोखा मामला सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर तूफान खड़ा कर दिया। 20 साल सेवा दे चुके पूर्व एयर फोर्स अधिकारी जेफ़ एवली को सिर्फ जंगल में टहलने पर $28,872.50 (करीब 18.3 लाख) का भारी जुर्माना भरना पड़ा।

**सरकार का आदेश और सख्ती :** नोवा स्कोटिया सरकार ने इस हफ्ते जंगलों में हाइकिंग, कैम्पिंग, फिशिंग और एटीवीएस जैसी गाड़ियों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। कारण है।..वाइल्डफायर (जंगल की आग) का बढ़ता खतरा। यह प्रतिबंध 15 अक्टूबर तक लागू रहेगा या फिर मौसम सुधरने पर हटाया जाएगा। जेफ़ एवली ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कोक्सहीथ, नोवा स्कोटिया के माउंटेन रोड पर खड़े दिखाई देते हैं। कैमरे की ओर इशारा करते हुए वह कहते हैं, यहां से पीछे जंगल है और दूसरी ओर नेचुरल रिसोर्सेज डिपार्टमेंट का ऑफिस है, जिनके अधिकारियों ने मुझे जंगल में जाने के लिए $25,000 का जुर्माना लगाया।

# फटेगा ज्वालामुखी, बंजर हो जाएगी जमीन बदलेगा मौसम, एशिया से टकराएगा महाद्वीप

**लंदन।** लाखों साल पहले एक विशाल और एकीकृत महाद्वीप पैंजिया टूटकर सात महाद्वीपों में बंट गया था। अब इसको लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये महाद्वीप अब एक साथ मिलकर अमासिया नामक एक नए सपरकॉन्टिनेंट का निर्माण कर रहे हैं। इसमें एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका है। लेकिन, ऑस्ट्रेलिया ऊपर की तरफ बढ़ रहा है। दरअसल, इसकी गति कभी रुकी ही नहीं। इसलिए, वैज्ञानिकों का मानना है कि एक टकराव निश्चित है।

**ऑस्ट्रेलिया: 7 सेमी प्रति वर्ष की रफ्तार**

ऑस्ट्रेलिया करीब 7 सेमी प्रति वर्ष की रफ्तार से एशिया की तरफ खिसक रहा है। यह सुनने में थोड़ा कम लगता है, लेकिन करीब उतनी ही रफ्तार से आपके नाखून भी उसी वक्त बढ़ते हैं। यह कोई अचानक हुआ घटनाक्रम नहीं है, बल्कि यह कॉन्टिनेंट करीब 8 करोड़ साल पहले अंटार्कटिका से अलग होने के बाद से ही गति में रहा है।



### अमासिया: सुपरकॉन्टिनेंट

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 20-30 करोड़ सालों के भीतर यह रफ्तार ऑस्ट्रेलिया को एशिया से टकराने पर मजबूर कर देगी। मुमकिन तौर पर अमेरिका भी इस प्रोसेस में शामिल हो जाएगा, जिससे अमासिया नामक एक नए महाद्वीप का निर्माण होगा। हालांकि, यह कोई आसान प्रक्रिया नहीं होगी। जबकि इससे भयंकर भूकंप और ज्वालामुखी पैदा होंगे।

### रिंग ऑफ फायर और ज्वालामुखी

जैसे-जैसे महाद्वीप एक-दूसरे से सटेंगे, नए महाद्वीप के चारों ओर एक नया रिंग ऑफ फायर बनेगा। टकराव से बनी नई सीमाओं में खौफनाक ज्वालामुखी देखी जाएगी। सीमाएं जल रही होंगी। वहां के अंदर का वातावरण आज के वातावरण से बहुत अलग हो जाएगा। जमीन शुष्क और बंजर हो जाएगी और जलवायु में भारी बदलाव आएगा।

### एक महासागर: एक वर्ल्ड

अब, चूंकि सिर्फ एक महाद्वीप और एक नई दुनिया होगी। इसलिए महासागर भी सिर्फ एक ही होगा। दुनिया के सभी समंदर मिलकर एक बहुत बड़ा समंदर बन जाएंगे, जो इस विशाल महाद्वीप को घेरेगा। एक विशाल प्रशांत महासागर होगा, या शायद उसका नाम बदल दिया जाएगा।

### एक नई दुनिया

कोआला, कंगारू, वॉम्बैट और प्लैटिपस ने कभी शिकारियों का सामना नहीं किया है। उनका विकास एक बहुत ही अलग तरीके से हुआ है, क्योंकि वे एक बिल्कुल अलग महाद्वीप पर अलग-थलग जिंदगी बसर करते हैं। जब ये महाद्वीप आपस में जुड़ेंगे, तो इन जानवरों को एक नई वास्तविकता का सामना करना पड़ेगा, जो उनके वजूद के लिए खतरा बन सकती है।



### जीपीएस सिस्टम्स

जबकि, तकनीकी क्षेत्र में यह बदलाव पहले से ही साफ है। 2016 में ऑस्ट्रेलिया के जीपीएस निर्देशांक करीब 1.8 मीटर तक बदल गए, जिसकी वजह से इसके पोजिशनिंग सिस्टम को नेशनल लेवल पर अपडेट करना पड़ा।

### पैंजिया से अमासिया तक

प्राचीन महाद्वीप पैंजिया करीब 335 से 175 मिलियन साल पहले वजूद में था। करीब 200 मिलियन साल पहले इसका बंटवारा शुरू हुआ। इसके परिणामस्वरूप सात महाद्वीप और पांच महासागर बने। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह प्रोसेस रुकती नहीं है। अपने जीवनकाल में पृथ्वी एक चक्रीय पैटर्न में विकसित होती है, जहां पहले महाद्वीप अलग होते हैं और फिर वापस जुड़ जाते हैं।

# इंडियन टाइम से कंफ्यूज अमेरिकी महिला, बोलीं- यहां समय का अलग ही गणित है



**न्यूयार्क।** अमेरिका से आईं क्रिस्टन फिशर पिछले चार साल से भारत में रह रही हैं, लेकिन एक चीज़ आज भी उन्हें चौंका देती है। भारतीयों का समय को लेकर रवैया। उन्होंने एक मजेदार वीडियो शेयर कर बताया कि, कैसे भारतीय काम, स्कूल या फ्लाइट के लिए बिल्कुल वक्त पर पहुंचते हैं, लेकिन पार्टी, डिनर या फंक्शन के लिए अक्सर घंटों लेट हो जाते हैं।

### वक्त पर और देर से..सेलेक्टिव पंक्चुअलिटी

क्रिस्टन ने कहा, मैं अब इस चीज़ की आदत डाल चुकी हूं, लेकिन अब भी समझ नहीं पाती कि ऐसा क्यों होता है। उन्होंने इसे सेलेक्टिव ऑन टाइम कहा, यानी जरूरी काम के लिए समय पर, लेकिन मस्ती वाले मौकों पर आराम से देर से। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि, मैं एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में शाम 6 बजे पहुंची, लेकिन बर्थडे सेलिब्रेंट खुद 9 बजे के बाद आए। इस पर उनका रिएक्शन साफ था...यह अब भी उनकी समझ से बाहर है।

### सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाएं

वीडियो ने सोशल मीडिया पर करीब 5 लाख व्यूज बटोर लिए और कमेंट सेक्शन में भारतीयों ने भी हंसते हुए इस सच को स्वीकार किया। एक यूजर ने लिखा, हमें पता होता है बाकी लोग देर से आएंगे, तो हम भी जल्दी क्यों जाएं? दूसरे ने कहा, इसे इंडियन स्टैंडर्ड टाइम कहते हैं, समझ नहीं आता लेकिन होता है। एक और ने मजाक में लिखा, कैजुअल इवेंट्स में मैं जानबूझकर 30-60 मिनट लेट जाता हूं, वरना अकेले बैठना पड़ता है।

### भारत में बिताए चार साल

क्रिस्टन, जो चार बच्चों की मां हैं, ने पहले भी एक वीडियो में कहा था कि भारत में बसने का उनका फैसला बिल्कुल सही था। इन चार सालों में मैंने अद्भुत लोगों से मुलाकात की, शानदार जगहें देखीं, लाजवाब खाना खाया और मेरा दिल हमेशा के लिए बदल गया।

**स्वास्थ्य** प्राकृतिक भोजन पर आधारित यह डाइट फायदे के साथ कुछ सावधानियां भी मांगती है

# हजारों साल पुरानी खानपान शैली जो आज फिर हो रही है लोकप्रिय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हज़ारों साल पुरानी वाइकिंग डाइट आज एक बार फिर स्वास्थ्य प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हो रही है। स्थानीय, पोषक और प्राकृतिक भोजन पर आधारित यह डाइट फायदे के साथ कुछ सावधानियां भी मांगती है। समुद्री सफर और रोमांच के लिए मशहूर वाइकिंग्स सिर्फ युद्ध कौशल में ही नहीं, बल्कि अपने खानपान में भी खास थे। 8वीं सदी के अंत से 11वीं सदी तक डेनमार्क, नॉर्वे और स्वीडन से आने वाले ये लोग यूरोप और उससे आगे तक छाप छोड़ गए। आज, उनकी खानपान शैली यानी वाइकिंग डाइट या नॉर्डिक डाइट एक बार फिर ट्रेंड में है, क्योंकि लोग अब ज़्यादा से ज़्यादा स्थानीय, ऑर्गेनिक और संपूर्ण भोजन की तरफ लौट रहे हैं।



### क्या है वाइकिंग डाइट?

**मछली और सीफूड:** तटीय इलाकों में वाइकिंग्स कॉड, हेरिंग, ईल जैसी मछलियां और मसल्स, ऑयस्टर जैसी समुद्री चीजें खाते थे।
**अनाज:** जौ, ओट्स और राई से बनी रोटियां, दलिया और यहां तक कि बीयर भी उनके खानपान का हिस्सा थी।
**फल और सब्जियां:** बेरीज़, सेब, आलूबुखारा, पत्ता गोभी, गाजर और प्याज आम थे।
**डेयरी उत्पाद:** गाय, बकरी और भेड़ का दूध, पनीर और मक्खन
भोजन संरक्षित करने के तरीके: ठंडे इलाकों में वे खाना स्मोकिंग, सॉल्टिंग और फर्मेंटिंग से लंबे समय तक सुरक्षित रखते थे।

### विशेषज्ञ की राय

रजिस्टर्ड डायटिशियन और फूड ब्लॉगर लॉरेन हैरिस-पिंकस के मुताबिक, वाइकिंग्स का खानपान उस समय उपलब्ध प्राकृतिक और साफ-सुथरे खाने पर आधारित था। उनका कहना है कि आज के समय में भी यह डाइट फाइबर युक्त फल, सब्जियां, दालें, नट्स और साबुत अनाज के जरिए गट हेल्थ को बेहतर बनाती है और डायबिटीज, हृदय रोग और कुछ कैंसर जैसी लाइफस्टाइल बीमारियों से बचाव करती है।

### नुकसान भी हैं

हालांकि, यह डाइट मेडिटेरेनियन डाइट की तुलना में ज़्यादा मांस और जानवरों की चर्बी पर आधारित है। ठंडे इलाकों में यह फैट उन्हें सर्दियों में ताकत देता था, लेकिन आज के समय में यह सैचुरेटेड फैट हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकता है। हैरिस-पिंकस की सलाह है कि आधुनिक लोग इस डाइट से मीठी शराब को हटा कर इसे स्वस्थ रूप में अपना सकते हैं।

# 3डी प्रिंटर से चांद पर घर बनाएगा चीन! वैज्ञानिकों ने खोजा जादुई डिवाइस

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा डिवाइस बनाया है जो चांद पर मौजूद मिट्टी को बिल्डिंग बनाने के सामान में बदल सकता है। चीन की डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन लेबोरेटरी ने यह डिवाइस बनाया है। यह सूरज की रोशनी का इस्तेमाल करके चांद की मिट्टी को पिघलाकर उसे मजबूत बनाता है। चीन के वैज्ञानिकों द्वारा बनाया गया ये डिवाइस एक 3डी प्रिंटर की तरह काम करता है, लेकिन गर्मी पैदा करने के लिए बिजली की जगह सूरज की रोशनी का इस्तेमाल करता है। ये डिवाइस एक बड़े पराबैलोइड रिफ्लेक्टर का इस्तेलमाल करके सूर्य को रोशनी को एक जगह इकट्ठा करता है। इस रोशनी की ताकत धरती पर मिलने वाले सूरज की रोशनी से 3000 गुना ज्यादा होती है, जिसका तापमान 1300 डिग्री से भी ज्यादा होता है। इस तेज गर्मी से चांद की मिट्टी पिघलकर मजबूत बन जाती है।

### बनाने में कितना समय लगा?

इसे पूरा करने में चीन के वैज्ञानिकों को इस डिवाइस को बनाने में 2 साल का समय लगा, जिसमें कई मुश्किलें सामने आईं। सबसे बड़ी चुनौती थी चांद की मिट्टी की बनावट जो अलग-अलग होती है। वैज्ञानिकों ने कई तरह के आर्टिफिशियल मिट्टी बनाकर यह सुनिश्चित किया कि यह डिवाइस हर तरह की मिट्टी पर काम कर सके। इस डिवाइस की सबसे खास बात है कि यह किसी तरह की बाहरी सामग्री का इस्तेमाल नहीं करता। यह पूरी तरह से चांद पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर करता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com